वर्ष-12 , अंक-11 — प्रयागराज, रविवार 17 मार्च 2024 से शनिवार 23 मार्च 2024 तक — पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

आधुनिक समाचार नेटवर्क

Download From

Adhunik

## ब्रीफ न्यूज

### दक्षिण भारत में भाजपा को झटका, इस नेता ने पार्टी छोड़ थामा कांग्रेस का हाथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**हैदराबाद।** लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिण भारत में भाजपा को झटक लगा है। तेलंगाना में भाजपा को झटका देते हुए पार्टी नेता और पूर्व सांसद एपी जितेंद्र रेड्डी शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिण



भारत में भाजपा को झटक लगा है। तेलंगाना में भाजपा को झटका देते हुए पार्टी नेता और पूर्व सांसद एपी जितेंद्र रेड्डी शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। जितेंद्र रेड्डी ने मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी तेलंगाना के कांग्रेस प्रभारी दीपा दासमुंशी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थामा। जितेंद्र रेड्डी ने मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी, तेलंगाना के कांग्रेस प्रभारी दीपा दासमुंशी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस में शामिल होने के बाद पार्टी ने उन्हें इसका गिफ्ट भी दिया। तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार ने जितेंद्र रेड्डी को एक आदेश में राजधानी दिल्ली में तेलंगाना सरकार के विशेष प्रतिनिधि और सरकार के खेल मामलों के सलाहकार के रूप में नियुक्त किया।भारत और हिंद-प्रशांतः खतरे और चुनौतियां' विषय पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनरल मनोज पांडे ने कहा कि एलएसी पर कड़ी निगरानी रखते हुए हमें यह भी देखना होगा कि बुनियादी ढांचे और सैनिकों की आवाजाही के संदर्भ में अन्य क्या विकास हो रहे हैं। सेनाध्यक्ष क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव और उसकी भविष्य की तैयारियों से एलएसी पर बढ़ते तनाव को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। यह पद राज्य मंत्री के बराबर होता है। जितेंद्र रेड्डी महबूबनगर से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के टिकट के चाहते थे, लेकिन भाजपा ने यहां से डी के अरुणा को टिकट देकर मौदान में उतार दिया है।

## शराब घोटाले में के कविता के खिलाफ पर्याप्त सबूत और गवाहों के बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुक्रवार को ईडी ने बीआरएस एमएलसी के कई परिसरों की तलाशी की और के कविता को हिरासत में ले लिया। आज उन्हें दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया है, जहां उनकी याचिका पर सुनवाई होगी दिल्ली एक्साइज पॉलिसी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने बीआरएस एमएलसी के कई परिसरों की तलाशी के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें गिरफ्तारी के बाद दिल्ली लाया गया जहां उन्हें आज राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया है। हालांकि के कविता का कहना है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है और वह इसके लिए कोर्ट में लड़ती रहेंगी दिल्ली एक्साइज पॉलिसी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा दिल्ली की अदालत में पेश किए जाने पर बीआरएस नेता के कविता ने कहा, ठमेरी गिरफ्तारी अवैध है, हम इसे अदालत में लड़ेंगे।ठ कविता को विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल की अदालत में पेश किया गया है। कविता के वकील ने कोर्ट से कहा कि गिरफ्तारी की लिखित आधार पर मुझे आपत्ति है। मुझे उसे पढ़ने की अनुमति दी जाए। कविता के वकील विक्रम चौधरी ने कविता से बात करने के लिए 5 मिनट का समय मांगा, जिसकी अनुमति दे दी गई। के



कविता के वकील ने ईडी की गिरफ्तारी को गलत बताया। उन्होंने कहा, ठजब सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित है तो कविता को कैसे गिरफ्तार किया जा सकता है। ईडी ने खुद सुप्रीम कोर्ट में अंडरटेकिंग दी थी कि कविता को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। ऐसे में यह गिरफ्तारी गैरकानूनी और शक्ति का दुरुपयोग है। उन्होंने कहा कि ईडी की पूरी कार्रवाई ही गलत है। उन्होंने कहा, ठयह गिरफ्तारी के कविता को परेशान करने के लिए की गई है।ठ अधिवक्ता ने कहा तीन जनवरी को के कविता को समन मिला था, जिसका जवाब उक्त अधिकारी को दे दिया था। के कविता के वकील ने कहा कि कल सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई पर ईडी ने कोई जवाब नहीं दिया कविता ने कहा कोर्ट में अंडरटेकिंग देने का मतलब यह होता है कि अंडरटेकिंग के लिए उक्त अधिकारी बाध्य रहेगा। उनके वकील ने कहा, इस मामले में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से कविता की गिरफ्तारी पर से रोक हटाने की मांग की, लेकिन इसकी इजाजत कोर्ट ने नहीं दी। कल सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के कुछ ही घंटे बाद कविता के घर पर सर्च अभियान चलाया गया और शाम 5:20 पर गिरफ्तारी की सूचना दी गई कविता के वकील ने कहा कि हमारे मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने के कविता की गिरफ्तारी पर 19 मार्च तक के लिए रोक लगा रखी है। ऐसे में ईडी की गिरफ्तारी अवैध ह के कविता के वकील के बाद ईडी के वकील ने दलील देनी शुरू की। उन्होंने कहा, ठसुप्रीम कोर्ट में भी ऐसा कोई बयान नहीं दिया गया है कि हम कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेंगे। ऐसा कोई बयान नहीं दिया गया कि दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी।

## कर्नाटक भाजपा में बगावत, ईश्वरप्पा लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव, पूर्व सीएम येदियुरप्पा लगाया ये आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**शिमोगा।** कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता केएस ईश्वरप्पा ने पार्टी से बगावत करते हुए शुक्रवार को घोषणा की कि येदियुरप्पा को जिम्मेदार ठहराया। येदियुरप्पा के बेटे और मौजूदा सांसद बीवाई राघवेंद्र को भाजपा ने शिमोगा से पार्टी प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस



वह लोकसभा चुनाव में शिमोगा से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरेंगे। उन्होंने बेटे केई कांतेश को हावेरी सीट से टिकट नहीं दिए जाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को जिम्मेदार ठहराया।कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता केएस ईश्वरप्पा ने पार्टी से बगावत करते हुए शुक्रवार को घोषणा की कि वह लोकसभा चुनाव में शिमोगा से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरेंगे। उन्होंने बेटे केई कांतेश को हावेरी सीट से टिकट नहीं दिए जाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस ने इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एस बंगारप्पा की बेटी, कनन्ड़ फिल्म स्टार शिवराजकुमार की पतने और दिवंगत अभिनेता डा. राजकुमार की पुत्रवधू गीता शिवराजकुमार को मैदान में उतारा है। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को हावेरी सीट से मैदान में उतारा है। कर्नाटक में भाजपा को खड़ा करने का श्रेय ईश्वरप्पा, येदियुरप्पा और दिवंगत एचएन अनंत कुमार को दिया जाता है। ईश्वरप्पा ने कहा कि येदियुरप्पा ने उनके बेटे को टिकट दिलाने का आश्वासन दिया था और उनकी जीत के लिए प्रचार करने का वादा किया था।

## राजनाथ सिंह ने किया नौसेना के नए मुख्यालय का उद्घाटन, नई तकनीकों से लैस है हेडक्वार्टर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली छावनी में नौसेना के नए मुख्यालय नौसेना भवन का उद्घाटन किया। यह मुख्यालय आधुनिक सुविधाओं और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों से लैस है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह नौसेना के मंत्रालय ने कहा कि यह नौसेना के लिए एक मील का पत्थर है क्योंकि इसने दिल्ली में अपना पहला स्वतंत्र मुख्यालय स्थापित किया है। इससे पहले नौसेना का संचालन 13 अलग-अलग स्थानों से किया जाता था। इससे पहले नौसेना का संचालन 13 अलग-अलग स्थानों से किया जाता था। इसे अपने कामकाज के लिए नौसेना भवन जैसी एकीकृत परिसर की आवश्यकता होती थी। अत्याधुनिक मुख्यालय का उद्घाटन नौसेना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे इस बल को एक केंद्रीकृत और तकनीकी रूप से उनन्त कार्यालय मिला है। यह समुद्री उत्कृष्टता और



लिए एक मील का पत्थर है, क्योंकि इसने दिल्ली में अपना पहला स्वतंत्र मुख्यालय स्थापित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली छावनी में नौसेना के नए मुख्यालय नौसेना भवन का उद्घाटन किया। यह मुख्यालय आधुनिक सुविधाओं और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों से लैस है। रक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अखिल भारतीय प्रतिस्पर्धा के माध्यम से परिसर के वास्तुशिल्प डिजाइन का चयन किया गया। इससे इमारत की कार्यक्षमता और सुंदरता सुनिश्चित की गई। इमारत में नवीन निर्माण तकनीकों को शामिल किया गया है।

## वाईएसआरसीपी ने आंध्र प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**अमरावती।** आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर युवजन श्रमिक रायथू



कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने आंध्र प्रदेश में 25 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसके साथ ही पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश की सभी 175 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की भी घोषणा की है आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने आंध्र प्रदेश में 25 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसके साथ ही पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश की सभी 175 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की भी घोषणा की है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शनिवार को इडुपुलापाया में उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी की। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शनिवार को इडुपुलापाया में उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी की। जगन मोहन रेड्डी ने एक ही बार में सभी 175 विधानसभा क्षेत्रों और 25 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची शनिवार को जारी की।

## सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे असदुद्दीन ओवैसी, याचिका में कहा- तुरंत कानून पर लगाए रोक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन अधिनियम के मुद्दे पर के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट का



रुख किया है। कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए उन्होंने सीएए के कार्यान्वयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का नोटिफिकेशन जारी करने के बाद इसका विरोध हो रहा है। अब एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए कहा कि इस कानून पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाया जाए। उन्होंने कहा कि अब एनआरसी भी जारी कर दिया जाएगा जिससे भारतीय मुसलमानों को निशाना बनाया जाएगा। याचिका में ओवैसी ने कहा कि कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6 के तहत नागरिकता का दर्जा देने की मांग करने वाले किसी भी आवेदन पर सरकार द्वारा विचार या कार्रवाई नहीं की जाए। सीएए को अधिसूचित किये जाने के बाद ओवैसी ने कहा था कि धर्म के आधार पर कोई कानून नहीं बनाया जा सकता और इसपर सुप्रीम कोर्ट के कई निणर्य भी हैं। उन?होंने कहा, ठयह समानता के अधिकार के खिलाफ है। आप प्रत्येक धर्म के लोगों को नागरिकता की अनुमति दे रहे हैं, लेकिन इस्लाम धर्म के लोगों को यह नहीं दे रहे हैं। बता दें कि केंद्र ने सोमवार 11 मार्च, 2024 को सीएए के नियमों को अधिसूचित किया। यह कानून 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए लाया गया है।

## 100 प्रतिशत आश्वस्त हूं सीएए से एक भी व्यक्ति असम में नहीं आएगा' सीएम सरमा ने क्यों कहा ऐसा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जैसे ही ँ राज्य



में लागू होगी वैसे ही बंद किए गए 27 लाख लोगों के 'बायोमेट्रिक' को अनलॉक किया जाएगा। दरअसल, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर ंण् को अपडेट करने के दौरान यह प्रक्रिया लॉक कर दी गई थी। को अपडेट करने के दौरान असम में करीब 27 लाख लोगों के बायोमेट्रिक्स लॉक हो गए थे और उन्हें आधार कार्ड नहीं मिल पा रहे थे। सरमा ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा मैं ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन और अन्य हितधारकों के साथ प्रक्रिया पर चर्चा करूंगा और उम्मीद है कि चुनाव के तुरंत बाद कोई समाधान निकल आएगा। को अपडेट करने के दौरान राज्य में करीब 27 लाख लोगों के बायोमेट्रिक्स लॉक हो गए थे और उन्हें आधार कार्ड नहीं मिल पा रहे थे। सरमा ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन और अन्य हितधारकों के साथ प्रक्रिया पर चर्चा करूंगा और उम्मीद है कि चुनाव के तुरंत बाद कोई समाधान निकल आएगा।' सरमा ने कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान, कानून के अधिनियमन के बाद, 'हम सीएए के बारे में उठाए गए संदेहों को दूर करने के लिए जमीनी काम कर रहे थे। अब यह स्पष्ट है कि 2014 के बाद आए किसी भी व्यक्ति को भारतीय नागरिकता नहीं दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि वह 100 प्रतिशत आश्वस्त हैं कि सीएए के माध्यम से एक भी व्यक्ति असम में नहीं आएगा और 'केवल उन लोगों को नागरिकता मिलेगी जिन्होंने एनआरसी के लिए आवेदन किया था।' सीएम ने स्वीकार किया कि बायोमेट्रिक्स को अवरुद्ध करने से राशन कार्ड और रोजगार प्राप्त करने में समस्याएं पैदा हुईं और 'हम इस मामले को उठाएंगे और इसे हल करेंगे।' उन्होंने लोगों से सीएए मुद्दे पर भावनाओं से नहीं बल्कि ठोस तर्क से निर्देशित होने का आग्रह किया। सरमा ने कहा, 'हमने एनआरसी प्रक्रिया के जरिए पहले ही डेटा हासिल कर लिया है और जो लोग सूची में शामिल नहीं हैं, उन्हें सीएए नहीं तो फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल के जरिए वैसे भी नागरिकता मिल जाती।' सीएम ने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लगभग छह लाख लोगों, बराक और ब्रह्मपुत्र घाटियों से तीन-तीन लाख लोगों को नागरिकता मिलेगी, न कि 20 लाख लोगों को, जैसा कि कुछ वर्गों द्वारा फैलाया जा रहा है। एनआरसी और सीएए देश के बाकी हिस्सों में जुड़े हुए नहीं है, लेकिन असम एकमात्र राज्य है जो एनआरसी अपडेट करने की कवायद में लगा हुआ है। बंगाली हिंदुओं की एक बड़ी आबादी उचित विरासत डेटा दस्तावेजों या विरासत डेटा की कमी के कारण छूट गई थी। सीएए नियमों की अधिसूचना के साथ, केंद्र अब बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए प्रताडित गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करना शुरू कर देगा

## श्रमिकों के लिए कांग्रेस की 5 'न्याय गारंटी', स्वास्थ्य सुविधा से लेकर सुरक्षित रोजगार देने का किया वादा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक पाटियां मतदाताओं को अपने पाले में लाने में जुट गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस भी लगातार कई



बड़ी घोषणाएं कर रही है कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि आज बेंगलुरु में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष खरगे जी जिन्होंने खुद एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया उन्होंने कांग्रेस पार्टी की ओर से ,र्एिस्त्र्भ् के लिए पांच गारंटी की घोषणा की। इसमें श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य अधिकार सुरक्षित रोजगार समेत कई बड़े वादे किए गए हैं। महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए पांच बड़े वादे करने के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर श्रमिकों के लिए पांच बड़ी गारंटियों का एलान किया है। इनमें श्रमिकों के बेहतरी के लिए वादे किए गए हैं जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, ठआज बेंगलुरु में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष खरगे जी, जिन्होंने खुद एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया, ने कांग्रेस पार्टी की ओर से क्ष्र्एिस्त्र्भ् के लिए पांच गारंटी की घोषणा की स्वास्थ्य अधिकारः कांग्रेस स्वास्थ्य के अधिकार कानून की गारंटी देती है। इसके अंतर्गत मुफ्त आवश्यक डायगनेस्टिक, दवाएं, उपचार, सर्जरी, और पुनर्वास उपचार और पैलिएटिव केयर-सहित यूनिवर्सल स्वास्थ्य देखभाल की सभी सुविधाएं होंगी। 2. श्रम का सम्मानः कांग्रेस 400 रुपए प्रति दिन की राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देती है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सभी मनरेगा श्रमिकों के लिए न्यूनतम होगी 3. शहरी रोजगार गारंटीः कांग्रेस शहरी क्षेत्रों के लिए एक रोजगार गारंटी अधिनियम लाएगी, जिसमें सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण, शहरों को जलवायु परिवर्तन के अनुसार ढालने और सामाजिक सेवाओं में गैप को पाटने पर ध्यान दिया जाएगा 4. सामाजिक सुरक्षाः कांग्रेस सभी असंगठित श्रमिकों के लिए जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा सहित व्यापक सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देती है। 5. सुरक्षित रोजगारः कांग्रेस मोदी सरकार द्वारा पारित श्रमिक-विरोधी लेबर कोड्स की व्यापक समीक्षा और श्रम के अधिकारों को मजबूत करने के लिए उपयुक्त संशोधन करने की गारंटी देती है। कांग्रेस मुख्य सरकारी कार्यों में रोजगार के लिए कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम को बंद करेगी। कांट्रैक्ट आधारित काम करवाने की इजाजत एकदम अंतिम उपाय के रूप में होगी और इसके लिए भी स्पष्ट वजह और श्रमिकों के अधिकारों के लिए सुरक्षा की आवश्यकता होगी। निजी क्षेत्र में कॉन्ट्रैक्ट रोजगार के लिए सामाजिक सुरक्षा के न्यूनतम मानकों को पूरा करना आवश्यक होगा।

## आतंकवाद पर गृह मंत्रालय का बड़ा एक्शन, यासीन मलिक की पार्टी पर 5 साल के लिए बढ़ा प्रतिबंध


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।**गृह मंत्रालय ने आतंकवाद पर एक बार फिर बड़ा एक्शन लिया है। मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (मोहम्मद यासीन




मलिक गुट) पर लगा बैन पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। मोदी सरकार ने आतंकवाद पर एक बार फिर बड़ा एक्शन लिया है। मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (मोहम्मद यासीन मलिक गुट) पर लगा बैन पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने कहा कि उसका नया कदम जेकेएलएफ-वाई नामक संगठन के खिलाफ प्राप्त इनपुट के बाद आया है क्योंकि वह उन गतिविधियों में शामिल है जो देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकती है। गृह मंत्रालय ने कहा कि उसका नया कदम जेकेएलएफ-वाई नामक संगठन के खिलाफ प्राप्त इनपुट के बाद आया है, क्योंकि वह उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकती है। गृह मंत्रालय ने 22 मार्च 2019 को जोकेएलएफ-वाई को एक गैरकानूनी पार्टी घोषित किया था। गृह मंत्रालय ने बताया कि जेकेएलएफ-वाई अभी भी भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करने के उद्देश्य से राष्ट्र-विरोधी और विध्वंसक गतिविधियों में शामिल है।यह आतंकवादी संगठनों के साथ संपर्क में है और जम्मू-कश्मीर और अन्य जगहों पर उग्रवाद का समर्थन कर रहा है। जोकेएलएफ-वाई भारतीय क्षेत्र के एक हिस्से को देश से अलग करने के दावों का समर्थन और उकसा रहा है और भारत की क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करने के इरादे से गतिविधियों में शामिल होकर इस उद्देश्य के लिए लड़ने वाले आतंकवादी और अलगाववादी समूहों का समर्थन कर रहा है।आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के चार संगठनों जेकेपीएल (मुख्तार अहमद वाजा), जेकेपीएल (बशीर अहमद तोता), जेकेपीएल (गुलाम मोहम्मद खान) और जेकेपीएल (अजीज शेख) पर बैन लगा दिया है। ये संगठन जम्मू-कश्मीर में आतंक भड़काने और अलगाववाद को बढ़ावा देने में शामिल थे।

## टोलीचौकी के तेल गोदाम में भीषण आग, दूर तक दिखता रहा धुएं का गुबार



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के एक तेल गोदाम में भीषण आग लगने की खबर सामने आई है। घटना टोलीचौकी के एक तेल गोदाम की है, जहां लगी आग इतनी ज्यादा भीषण थी कि कई मीटर तक उसकी लपटें दिखीं।" हैदराबाद के एक तेल गोदाम में भीषण आग लगने की खबर सामने आई है। घटना टोलीचौकी के एक तेल गोदाम की है जहां लगी आग इतनी ज्यादा भीषण थी कि कई मीटर तक उसकी लपटें दिखीं। मौके पर आग बुझाने के लिए दमकल की कई गाडि़यां मौजूद रहीं। आग पर काबू पाने की अभी तक कोशिश जारी है। जानकारी के अनुसार, मौके पर आग बुझाने के लिए दमकल की कई गाडि़यां मौजूद रहीं। आग पर काबू पाने की अभी तक कोशिश जारी है।

# आम के पेड़ों की कटाई-छटाई हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया जाता है अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा आम के बगीचे जो 40-50 साल पुराने हो चुके है, उनकी पैदावार घटकर 07 टन प्रति हेक्टेयर हो गई है, जबकि राष्ट्रीय औसत लगभग 15 टन प्रति हेक्टेयर है। पुराने हो चुके आम के बगीचें में आम का उत्पादन बढ़ाने के लिए कटाई-छटाई की आवश्यकता होती है, किन्तु पुराने आम के पेड़ों की कटाई-छटाई (प्रूनिंग एवं ट्रेनिंग)/तृतीयक शाखाओं की छटाई/सेन्टर ओपनिंग किसानों द्वारा किये जाने पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा रोक दिया जाता है एवं वन विभाग के अनुमति की मांग की जाती है। आम के बगीचों में पैदावार बढ़ाने के लिए यदि किसानों द्वारा आम के पेड़ों की कटाई-छटाई (प्रूनिंग एवं ट्रेनिंग)/तृतीयक शाखाओं की छटाई/सेन्टर ओपनिंग की जाती है तो इस कार्य के लिए किसी भी विभाग के अनुमति की आवश्यकता नहीं है,क्योंकि यह एक स्थापित औद्यानिक प्रक्रिया है।

# नैनी पुलिस चौकी छिवकी मैं हुआ भव्य मंदिर का शिलान्यास प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ, सुंदरकांड रुद्राभिषेक और आरती के साथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नैनी, प्रयागराज।** बुधवार दिनांक 13-03-2024 को छिवकी नैनी चौकी कोतवाली कमिशन्रेट प्रयागराज मैं भव्य मंदिर का शिलान्यास हुआ जिसमें प्रभु भोलेनाथ और हनुमान जी के साथ गणेश जी परिवार जी का प्राण प्रतिष्ठा सुंदरकांड यज्ञ के साथ हुआ साथ ही भंडारा प्रसाद के रूप में बांटा गया जिसमें नैनी के तमाम भक्तजन प्रसाद का आशीर्वाद ग्रहण किये मंदिर का नाम श्री शिव विघ्न हरण हनुमान मंदिर आचार्य नागेंद्र कुमार मिश्रा आचार्य बृजभूषण ओझा जी नामकरण किये साथ में अचानक से बाबा जी मऊ हरिया बाबा प्रकट होकर मंदिर का आयोजन में शक्ति भोग लगाए। आयोजन में पुलिस प्रशासन की ओर से नैनी थाना प्रभारी (इंस्पेक्टर) श्री यशपाल सिंह, छिवकी पुलिस चौकी प्रभारी अमित सिंह उप निरीक्षक रामानंद सिंह यादव उप निरीक्षक आनंद सिंह कांस्टेबल संजय कुमार के अलावा औद्योगिक क्षेत्र नागर समेत संबंधित थाना के दारोगा व महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी, होमगार्ड एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों व पार्षद पूजा पवन यादव, पार्षद वार्ड 40 सोनू सोनकर इंद्रजीत यादव, शैलेश कुमार के साथ विभिन्न राजनीति पाटिर्यों से जुड़े जन प्रतिनिधि सहित समाजसेवियों ने शिरकत किया जिसमें जिला अपराध निरोधक कमेटी के यमुनानगर ँऊ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा और उनकी टीम से मीडिया प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार राम जी केसरवानी विनोद केसरवानी मोहम्मद शनवर बलराम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# खाद्य कारोबारियों विरूद्ध 2 लाख 25 हजार का हुआ अर्थदण्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रतापगढ़।** सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय/अभिहित अधिकारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य पदार्थी के नमूनें संग्रहित कर जांच हेतु खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला उ0प्र0 प्रेषित किये गये थे। जांच के पश्चात् खाद्य पदार्थी में मिलावट की पुष्टि खाद्य विश्लेषक द्वारा की गयी थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट प्राप्त करने के उपरान्त अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/न्याय निर्णायक अधिकारी के न्यायालय में वाद प्रस्तुत किये गये थे। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा द्वारा सम्यक विचारोपरान्त 14 वादों में निणन्य देते हुये रूपये 2 लाख 25 हजार का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। अर्थदण्ड समय से जमा न किये जाने पर आर0सी0 के माध्यम से वसूली की जायेगी। उन्होने बताया है कि जिन खाद्य कारोबारकर्ताओं पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है अमर नाथ केसरवानी निवासी ग्राम व पोस्ट रानीगंज कैथोला, लालगंज द्वारा मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ पापड़ (मुनीम जी बाण्ड) विक्रय करने पर रूपये 5000, अरविन्द कुमार निवासी ग्राम व पोस्ट जोगीपुर थाना कन्धई तहसील पट्टी द्वारा अवमानक मिश्रित दूध विक्रय करने पर रूपये 5000, कामता प्रसाद पुत्र निवासी रोर पोस्ट व थाना बाघराय द्वारा स्टार्च युक्त कलाकन्द विक्रय करने पर रूपये 5000, अमित कुमार सिंह पुनिवासी ग्राम व पोस्ट भुपियामऊ द्वारा अवमानक पनीर विक्रय करने पर रूपये 5000, राजा राम निवासी कौलापुर पोस्ट गौरा द्वारा अवमानक मिश्रित दूध विक्रय करने पर रूपये 5000, अम्बुज मौर्या निवासी मदाफरपुर पोस्ट अतसरसण्ड द्वारा अवमानक पनीर विक्रय करने पर रूपये 5000, दिलीप कुमार यादव निवासी सराय जीतराय पोस्ट हींगपुर थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज द्वारा अवमानक मिश्रित दूध विक्रय करने पर रूपये 5000, सद्दीक निवासी पाइक रोड थाना कोतवाली नगर द्वारा अवमानक सेंवई (फेमिली ब्राण्ड) विक्रय करने पर रूपये 5000, अर्जुन कौशल निवासी ग्राम मोहनगंज द्वारा अवमानक आयोडीन नमक विक्रय करने पर रूपये 5000, आदित्य कुमार यादव निवासी धनुहा तहसील रानीगंज द्वारा अवमानक भैंस का दूध बिक्री करने पर रूपये 50000, राहुल यादव निवासी ग्राम देवासा तहसील रानीगंज द्वारा अवमानक मिश्रित दूध बिक्री करने पर रूपये 80000, सुधीर सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट भदौसी गड़वारा द्वारा अवमानक मिश्रित दूध बिक्री करने पर रूपये 30000, विनोद कुमार निवासी ग्राम टेंऊगा पूरेललऊ द्वारा मिथ्याछाप ड्राई फ्रूट काजू का बिक्री करने पर रूपये 10000 तथा विजय कुमार सिंह निवासी ग्राम टेंऊगा पूरेललऊ द्वारा मिथ्याछाप ड्राई फ्रूट काजू का बिक्री करने पर रूपये 10000 अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

# राजस्व अभिलेखों के आनलाइन मुआयने की में प्रतापगढ़ प्रदेश में प्रथम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट में बने अभिलेखागार में राजस्व अभिलेख पोर्टल प्रतापगढ़ का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया सिर्फ जनपद प्रतापगढ़ में राजस्व अभिलेख पोर्टल की आनलाइन व्यवस्था की गयी है, अभी किसी अन्य जनपदों में यह व्यवस्था लागू नही है। जमीन से सम्बन्धित अभिलेख जो काफी पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण हो गये थे और उन रिकाडी को ढूढ़ने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था और समय भी ज्यादा लगता था, इन सबकों देखते हुये राजस्व अभिलेख पोर्टल की शुरूआत जनपद में की गयी है। जमीन से सम्बन्धित जितने भी पुराने अभिलेख पाये गये उनको स्कैन कराकर एक पोर्टल विकसित कर उसमें सभी रिकार्ड को संरक्षित किया गया है। नये पोर्टल के माध्यम से अधिवक्ताओं के लागिन से राजस्व अभिलेखों का मुआयना किया जा सकेगा, साथ ही अभिलेख की नकल प्राप्त करने हेतु पोर्टल पर आवेदन



कर सकते है जिसमें अभिलेख के सही और गलत की जानकारी प्राप्त हो जायेगी और कार्यालय से अभिलेख की नकल अधिकतम 03 कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है। जनपद के 05 तहसीलों में से 03 तहसीलों क्रमशः कुण्डा, रानीगंज व लालगंज के पुराने राजस्व अभिलेख को आनलाइन कर दिया गया है एवं 02 तहसीलों सदर व पट्टी के राजस्व अभिलेख को आनलाइन करना अभी बाकी है इन रिकाडी को जल्द से जल्द आनलाइन कराकर मॉडल रिकार्ड रूम एवं आनलाइन रिकार्ड रूम हो जायेगा। उन्होने कहा कि जमीन से सम्बन्धित पुरानी नकल को प्राप्त करने हेतु कहीं से भी आनलाइन करा सकते। पुराने राजस्व अभिलेख प्राप्त करने हेतु एक निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेख को पोर्टल पर आनलाइन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पुष्पेन्द्र यादव एवं अनुराग की प्रशंसा की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने राजस्व अभिलेख पोर्टल की पहल पर जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता व अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# नैनी पुलिस चौकी छिवकी मैं हुआ भव्य मंदिर का शिलान्यास प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ, सुंदरकांड रुद्राभिषेक और आरती के साथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** थाना थरवई पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12.03.2024 को 01 अभियुक्त आदित्य धनराज पुत्र स्व0 **अभियुक्त का विवरण-** आदित्य धनराज पुत्र स्व0 राममिलन सरोज निवासी ग्राम सहजीपुर थाना थरवई कमिशन्रेट प्रयागराज, उम्र करीब



राममिलन सरोज निवासी ग्राम सहजीपुर थाना थरवई कमिशन्रेट प्रयागराज को थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत बैजूबाब पुलिया के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना थरवई पर मु0अ0सं0-58/2024 धारा-60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी । **गिरफ्तार** 19 वर्ष । **पंजीकृत अभियोग का विवरण-** मु0अ0सं0-58/2024 धारा-60 आबकारी अधिनियम थाना थरवई कमिशन्रेट प्रयागराज । **बरामदगी का विवरण-** 10 लीटर अवैध कच्ची शराब । **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1. उ0नि0 अमित कुमार चौबे, थाना थरवई कमिशन्रेट प्रयागराज । 2. का0 अनिल यादव, थाना थरवई कमिशन्रेट प्रयागराज ।

# थाना घूरपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** थाना घूरपुर पुलिस टीम द्वारा माननीय न्यायालय व्श् 3 इलाहाबाद के केस नं0 177/23 अ0सं0 112/14 धारा 60 आबकारी अधि0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त नानबाबू उर्फ अभय प्रताप पटेल पुत्र शिव बाबू पटेल निवासी ग्राम पूरेखगन थाना घूरपुर प्रयागराज को आज दिनांक 14.03.2024 को ग्राम पूरेखगन थाना क्षेत्र घूरपुर से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । **गिरफ्तार वारण्टी का विवरण-** नानबाबू उर्फ अभय प्रताप पटेल पुत्र शिव बाबू पटेल निवासी पूरेखगन थाना घूरपुर प्रयागराज, उम्र करीब 41 वर्ष । **सम्बन्धित वारण्ट का विवरण-** केस नं0 177/23 अ0सं0 112/14 धारा 60 आबकारी अधि0, माननीय न्यायालय व्श् 3 इलाहाबाद । **पुलिस टीम का विवरण-** 1.उ0नि0 अमित कुमार थाना घूरपुर कमिशन्रेट प्रयागराज । 2.उ0नि प्रहलाद पाल थाना घूरपुर कमिशन्रेट प्रयागराज । 3.का0 आलोक कुमार थाना घूरपुर कमिशन्रेट प्रयागराज । 4.हे0का0 मनोज पासवान थाना घूरपुर कमिशन्रेट प्रयागराज ।





# दिन दहाडे बदमाशो का आतंक रिपोर्ट करने पर भी नही हो रही है कार्यवाही

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** यह घटना म्योहर थाना मुहला सोहबतियाबाग की है वहा के रहने वाले राहुल सिंह पुत्र परमदीन सिंह जो की एक व्यापारी है उनके घर पर आये दिन कोई ना कोई समस्या बदमाशो के द्वारा होती है अभी पीछले 09.03.2024 को उनके घर के सामने उनकी फारचूनर सी जी 04 एम एल 9988 खडी थी रात के 9:30 बजे करीब कुछ अज्ञात बदमाशो ने उनके गाडी पर ईट और पथर से प्रहार कर उनकी गाडी के काच को चकना चुर कर दिया और फरार हो गये सुबह जब राहुल सिंह ने देखा तो उन्होने जार्जटाउन थानाध्यथ को अपनी समस्या बताया और एफ आई आर भी करवाई किन्तु इस पर कोई कार्यवाही न होने के कारण उन बदमाशो को और भी साहस मील रहा है जिससे उनकी परेशानीया बढती ही जा रही है प्रशासन की ढीलाई को नही करनी चाहऐ और इस पर उचीत कार्यवाही करनी चाहीये।





# नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने मृतक आश्रित कर्मचारी को सौंपा नियुक्ति पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर ।** मीरजापुर।नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने बुधवार की सुबह प्रधान कार्यालय पर मृतक आश्रित कर्मचारी हिमांशु राज को नियुक्ति पत्र सौंपा।बता दे कर्मचारी की माता का निधन दो वर्ष पहले हो गया था।चुकी कर्मचारी उस समय सोलह साल का ही था।जिसके कारण दो वर्ष बाद हिमांशु राज को नपाध्यक्ष ने नियुक्ति पत्र सौंपा है।जो सफाई कर्मचारी के रूप में नगर पालिका में कार्य करेगा।नियुक्ति पत्र पाकर कर्मचारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए नपाध्यक्ष,सभासद और कर्मचारी संगठन को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने भी नपाध्यक्ष को इसके लिए धन्यवाद दिया है।इस मौके पर सभासद राम सिंह यादव, सतीश उपाध्याय,विजय प्रजापति,सभासद पति रूपेश यादव,कर्मचारी मजदूर संघ के अध्यक्ष अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे।




# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण समिति/टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर ।** कार्य में लापरवाही बरतने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पटेहरा को प्रतिकूलप्रविष्टि तथा छानबे व सिटी को अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का दिया निर्देश मीरजापुर 13 मार्च 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के जिला अनुश्रवण समिति एवं टास्क फोर्स की बैठक कर मासिक समीक्षा प्रगति की गयी। बैठक में 19 पैरामीटर्स पर विकास खण्डवार शहरी एवं ग्रामीण संतृप्तीकरण की स्थिति, निर्माण कार्यो की स्थिति एस0आर0जी0, ए0आर0पी0 एवं डायट मेंण्टर द्वारा सपोर्टिव सुपरविजन, विद्यालयों को निपुर्ण बनाये जाने की स्थिति, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की स्थिति व मिड डे मील सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में विकास पटेहरा, छानबे व सिटी के ए0बी0एस0ए0 के द्वारा मानक के अनुसार स्कूलो का निरीक्षण न किये जाने के कारण बच्चों की उपस्थिति कम होने के कारण खड शिक्षा अधिकारी पटेहरा को प्रतिकूल प्रविष्ट व खण्ड शिक्षा अधिकारी छानबे व सिटी का अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का निर्देश दिया। कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालयों में सुन्दरीकरण, छात्रो के लिये शौचालय, लाइब्रेरी, पेयजल आदि व्यवस्थाओं के लिये दिये गये व्यय धनराशि की समीक्षा कर प्रगति की जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने क्षेत्रान्तर्गत 10 प्रतिशत ऐसे विद्यालयों को चिन्हित करते हुये फोटोग्राफ सहित सूची उपलब्ध कराये जहां पर विद्यालयों के सुन्दरी करण व सुविधाए मुहैया कराने के दृष्टिगत क्या-क्या कार्य कराये गये हैं। उन्होने कहा कि इसके अतिरिक्त 10 से 15 प्रतिशत अन्य विद्यालयों का भी सुन्दरीकरण कराते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करें। कस्तूरबा गांधी विद्यलायों की स्थिति का निरीक्षण के लिये बनाये गये महिला नोडल अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण आख्या प्रस्तुत न किये जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कस्तूरबा गांधी विद्यालयों का निरीक्षण कराते हुये निरीक्षण आख्या मगवाना सुनिश्चित करें।




# प्रयागराज माफिया अतीक अहमद के दूसरे बेटे अली को जिला कोर्ट में किया गया पेश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** कड़ी सुरक्षा के बीच एसीजेएम 07 कोर्ट में कराई गई पेशी आर्म्स एक्ट, जानलेवा हमला और धोखाधड़ी के तीन मुकदमों कराई गई पेशी, इन मुकदमों में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है कोर्ट ने अली अहमद को डिस्चार्ज अप्लीकेशन दाखिल करने की दी मोहलत 21 मार्च को होगी मामले की अगली सुनवाई, पुलिस ने उमेश पाल शूटआउट केस में भी माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटों उमर और अली को भी बनाया है आरोपी, पुलिस ने लखनऊ जेल में बंद बड़े बेटे उमर और प्रयागराज की नैनी जेल में बंद दूसरे नंबर के बेटे अली अहमद को बी वारंट तामील कराया है 24 फरवरी 2023 को उमेश पाल और दो सरकारी गनर का शूटआउट हुआ था।



# जिन्हें माँ की दुआएं व आँचल छाँव मिल जाए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रतापगढ़।** भारत-भारतीय के तत्वावधान में सगरा सुंदरपुर में मनिका सिंह स्मृतिमय कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाओं का पाठ करके श्रोताओं को आनंदित किया। वरिष्ठ साहित्यकार राधेश पाण्डेय ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।तब डॉ. रणजीत सिंह ने सरस्वती वंदना की इन पंक्तियों से कार्यक्रम का काव्यमय में शुभारंभ किया-जब तक जीवन रहे राष्ट्र सेवा में मेरा जीना हो,मानव पीड़ा हरने को विष भी अमृत सा पीना हो,बैरी की ग्रीवा पर मेरी कलम सदा तलवार बने,यह वाणी मेरी उग्रवाद की छाती पर अंगार बने, मेरे भारत देश का करना दिन प्रतिदिन उत्थान,मन का तिमिर मिटा कर हे माँ मुझे भी दीजिए ज्ञान।इसके बाद राधेश पाण्डेय ने स्मृतिशेष मनिका सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने हास्य व्यंग्य की कविताओं से जहाँ श्रोताओं को हंसाया और गुदगुदाया वहीं एक गंभीर रचना से श्रोताओं को चिंतन प्रदान किया। उन्होंने पढ़ा-याद आने के दिन,भूल जाने के दिन,रुठ जाने के दिन,फिर मनाने के दिन,प्यार की पंक्तियाँ गुनगुनाने के दिन,दिन बहुत हैं पर सबसे मतलब नहीं, बस हमें चाहिए गुल खिलाने के दिन।संचालन कर रहे अजय कुमार सोनी ने अपने माँ के गीत सेलोगों को भाव विभोर कर दिया।उन्होंने पढ़ा -मेरी माँ की दुआओं से मेरा हर काम होता है,जिधर भी मैं चला जाऊँ उधर ही नाम होता है। डॉ.रणजीत सिंह ने माँ के आँचल गीत की पंक्तियों- माँ का आँचल सदा पृथ्वी से बड़ा,माँ के आंचल से छोटा यह संसार है, पाठशाला प्रथम माँ के आँचल तले,माँ के आँचल से ही मिलता संस्कार है,से माँ के आँचल की विशेषताओं का मार्मिक चित्रण किया।वहीं उनकी दूसरी कविता-बचपन से जो बेटा माँ का सच्चा प्यार पाता है,जवाँ होते ही उसके मा का प्यार हार जाता है,साड़ी एक भी माँ के लिए भारी जिस बेटे को,वही वीबी की खातिर मोतियों के हार लताा है पढ़कर वर्तमान के बेटों के आचार व्यवहार का वर्णन किया। संयोजक कुलदीप शुक्ल पत्रकार ने सभी कवियों एवं आगंतुकों का स्वागत किया।गोष्ठी में मोहम्मद आरिफ,प्रमोद शुक्ल,शंभू मोदनवाल,गोविंद मोदनवाल,गोपाल मोदनवाल,राज किशोर शुक्ल,मो0रईस,बहादुर रजक,राजेश शुक्ल,राजेश टेलर,हरिकेश शर्मा,भवानी प्रसाद पाण्डेय,संदीप शुक्ल,अजय वैश्य, रवि जायसवाल,रवींद्र पाण्डेय, सत्यम वर्मा,कृष्णा वर्मा एवं दुर्गेश वर्मा आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम में भारत - भारतीय के अध्यक्ष डॉ0 रणजीत सिंह ने राम सजीवन सरोज को शाल ओढा। कर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया।

# श्रीमद्भागवत का श्रवण कर मनुष्य लेता है संसार के मोहमाया के भाव सागर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** उरमौरा के दीनदयाल नगर में हो रही भागवतकथा के दूसरे दिन वृंदावन से पधारे रसराज मृदुल जी महाराज ने भक्तों को इसके महात्म्य के बारे में बताते हुए येन केन प्रकारेण किसी भी प्रकार से श्रीमद्भागवत का श्रवण कर लेता है वह इस संसार के मोहमाया के भाव सागर से पार हो जाता है। नारद जी को इस ब्रह्मांड में सबसे बड़ा भक्त कहा जाता है वो स्वयं हरि का जाप करते रहते है वे कहते है भगवान को संगीत बहुत पसंद है संगीत के साथ स्वर हो तो और भी अच्छा है इसलिये घर मे जब महिलाएं मंगल गाती हैं तो वातावरण उल्लास से भर जाता है। स्वामी हरिदास जी महाराज को कौन नही जानता, मीराबाई ने भक्ति की अलख जगाई और स्वयं उसमें समा गई। जब तक मनुष्य में मन मे दया है तब तक मनुष्य है अन्यथा वह पशु के समान है। जहाँ भागवत का पाठ होता है वहाँ सारे के सारे तीर्थ होते हैं। इसकी छत्रछाया में स्वयं भगवान भी मिल जाते हैं। संसार की माया है जो मनुष्य भगवान को बिसराये हुए हैं लेकिन भगवान सबको देखते रहते हैं। मनुष्य का स्वभाव है कि वह याचक का भाव नहीं त्याग कर पाता भक्त वही जो अपने प्रभु से कुछ प्राप्त करने की इच्छा नही रखता। लोग कहते हैं प्रवचन सुनने से साधु बन जाते है लेकिन भागवत मनुष्य को धर्म का मार्ग सिखाती है युद्धक्षेत्र में जब अर्जुन मोह माया में पड़कर सब छोड़कर जाने की बात करते है तब योगेश्वर कृष्ण ने उन्हें जो ज्ञान की बाते बताई वह ही अट्ठारह अध्याय में श्रीमद्भागवत महापुराण के रूप में हजारों वर्षों से दिग्भ्रमित को मार्ग दिखा कल्याण का कार्य कर रही है और इसके श्रवण का पुण्य उन्ही को प्राप्त होता है जिन्हें भगवान स्वयं बुलाते हैं।मनुष्य को पांच नियमो का पालन करना चाहिए अपने आसपास साफसफाई, संतोष करना, प्रभु का ध्यान, स्वाध्याय और नियम का पालन करना चाहिये।



# मनुष्य धर्म की रक्षा करे अन्यथा कोई भी मनुष्य की रक्षा नहीं करेगा श्रीमज्जगतगुरु रामानुजाचाय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रतापगढ़।** पहाड़पुर में सुरेंद्र मोहन दुबे के निज निवास पर श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस पर महाराज जी ने कहा कि किसी को नहीं पता कि भागवत की कथा कब किसका कल्याण कर दे।मानव को सोच-विचार कर जीना चाहिए और जो मानव अपने जीवन के लिए नहीं सोचते हैं वे जानवर के सामान होते हैं। शेर का धर्म है मांस खाना और शेर को मांस न दो तो वह घास नहीं खाता है लेकिन आज के मनुष्य को कुछ भी दे दो वह वही खा लेता है। मानव से ज्यादा एक जानवर धर्मात्मा होता है।जब तक मनुष्य अपने धर्म की रक्षा नहीं करेगा तब तक मनुष्य की भी रक्षा कोई नहीं करेगा। आज मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए झूठ बोलते हैं लेकिन उन्हें ज्ञात नहीं होता है कि धर्म और भगवान के अलावा कोई मनुष्य की रक्षा नहीं कर सकता है। मनुष्य भगवान की बंसी की धुन में रहते हैं और इस देश में केवल ऐसे लोगों की आवश्यकता है जो अपने देश के धर्म को आगे बढ़ा सकें।अगर माँ-बाप संस्कारी होते हैं तो उनकी संतान भी संस्कारी होती है।कथा के मुख्य यजमान एवं आयोजक रीता देवी एवं सुरेंद्र मोहन दुबे रहे। आचार्य बालकृष्ण,अशोक कुमार दुबे,प्रमोद कुमार दुबे,विनय,आशु, [illegible] समस्त दुबे परिवार एवं समस्त श्रद्धालु भक्त एवं क्षेत्रवासियो क्षेत्रवासियों ने कथा का रसपान किया।





# सम्पादकीय

## हिंदुत्व के पिच पर भाजपा को बोल्ड करने का साहसिक प्रयोग

सत्ता के खेल में जीत ही नैतिकता के मानदंडों को तय करती है। लिहाजा हाल में कमलनाथ ने कहा कि जिस देश की 82 फीसदी जनता हिंदू है, वह स्वमेव हिंदू राष्ट्र तो है ही। मध्यप्रदेश में फिर सत्ता में आने की आस में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी के सीएम पद के दावेदार कमलनाथ एक अनोखा प्रयोग कर रहे हैं। यह प्रयोग हिंदुत्व के पिच पर ही भाजपा को बोल्ड करने का है। हालांकि, राजनीतिक जोखिम से भरे इस कदम का कांग्रेस में ही विरोध हो रहा है। इसके पीछे सोच यह है कि यह दुस्साहसिक दांव उलटा भी पड़ सकता है, क्योंकि यह कांग्रेस के मूल चरित्र से मेल नहीं खाता। लेकिन कमलनाथ अपनी बात पर कायम हैं, क्योंकि सत्ता के खेल में जीत ही नैतिकता के मानदंडों को तय करती है। लिहाजा हाल में कमलनाथ ने कहा कि जिस देश की 82 फीसदी जनता हिंदू है, वह स्वमेव हिंदू राष्ट्र तो है ही। यही नहीं उन्होंने भाजपा के अघोषित प्रचारक समझे जाने वाले स्टार बाबा धीरेन्द्र शास्त्री की कथा का भव्य आयोजन करवाया तथा अब एक और सेलिब्रिटी कथा वाचक कुबरेश्वर धाम के पं. प्रदीप मिश्रा की कथा भी छिंदवाड़ा में होने जा रही है। यानी कांग्रेस की विचारधारा सनातनी रस में सराबोर होने वाली है। वैसे भी कमलनाथ हनुमान भक्त तो हैं ही। उन्होंने छिंदवाड़ा में राम भक्त हनुमान की विशाल प्रतिमा स्थापित करवाई है। वो साबित यह करना चाह रहे हैं कि हिंदू धर्म में उनकी आस्था भाजपाइयों की तुलना में रत्ती भर भी कम नहीं है, बल्कि दो-चार माशा ज्यादा ही होगी। कांग्रेस जैसी धर्मनिरपेक्षता और सर्व धर्म समभाव की मोटे तौर मध्यमार्गी विचारधारा पर चलने वाली पार्टी के लिए मप्र जैसे अपेक्षाकृत धार्मिक रूप से कम ध्रुवीकृत राज्य में कमलनाथ द्वारा हिंदुत्व की स्पष्ट लाइन लिया जाना राजनीतिक हलकों में नया कौतूहल पैदा कर रहा है, इसलिए क्योंकि अगर यह लाइन कांग्रेस को सत्ता में लौटाने और खुद कमलनाथ को दोबारा सीएम बनवाने का कारण बनती है तो हो सकता है कि कल को पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर इसी लाइन को खाद पानी दे। दरअसल, देश में भाजपा के जबरदस्त उभार तथा धर्म और राजनीति के घालमेल के बाद कांग्रेस अब बीती सदी के सत्तर-अस्सी के दशक में अपने वामपंथी झुकाव से नरम राष्ट्रवादी चरित्र की ओर करवट लेने की कोशिश कर रही है। इसका पहला सफल प्रयोग पिछले दिनों कर्नाटक विधानसभा चुनाव में देखने को मिला, जहां पार्टी ने बजरंगबली को भाजपा के रामसेतु से अपने पाले में खींचा और चुनावी जीत की संजीवनी बूटी पाई। दूसरी तरफ आत्मरक्षा में भाजपा ने जय बजरंगबली घोष के साथ कई अभिमंत्रित शिलाएं चुनावी महासागर में ठेलीं, मगर उनमें से ज्यादातर तैर नहीं सकीं। लगता है कमलनाथ ने अब उन्हीं तैरती रामशिलाओं को नर्मदा में प्रवाहित करने का संकल्प लिया है। वैसे भी कांग्रेस को यह महसूस हो रहा है कि जब तक बहुसंख्यक हिंदू वोट उसकी तरफ नहीं लौटेगा, तब तक कांग्रेस के लिए दिल्ली का दरवाजा उसके लिए नहीं खुलेगा। यही कारण है कि हाल में किसी पत्रकार ने जब कमलनाथ से छिंदवाड़ा में बागेश्वर धाम के स्टार बाबा पं. धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा अपने प्रवचनों में की जाने वाली हिंदू राष्ट्र की पैरवी पर कमलनाथ की प्रतिक्रिया थी कि देश की 82 फ़ीसदी जनता हिंदू है तो ये कोई कहने कि बात नहीं है, ये हिंदू राष्ट्र तो है ही। धीरेन्द्र शास्त्री के बयान की व्याख्या करते हुए कमलनाथ ने कहा कि बाबा ने हिंदू राष्ट्र की बात नहीं की, उन्होंने तो पूरे देश की बात की।ये देश सभी धर्मों का है। हिंदू राष्ट्र बनाने की क्या बात है, 82 फीसदी लोग तो हिंदू हैं। कमलनाथ की इस व्याख्या से कांग्रेस में ही बहुत से लोग सहमत नहीं हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आचार्य प्रमोद कृष्णन ने तो छिंदवाड़ा में पं. धीरेन्द्र शास्त्री की कथा कराने पर ही सवाल खड़े कर दिए। उनका कहना था कि धीरेन्द्र शास्त्री राजनीतिक पार्टी का वरदहस्त है, सबको पता है। दूसरे, कमलनाथ की यह लाइन पार्टी के एक और दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह की विचारधारा से मेल नहीं खाती। निजी तौर पर खांटी हिंदू होने के बाद भी राजनीतिक स्तर पर दिग्विजय धर्मनिरपेक्षता के अडिग समर्थक हैं। कमलनाथ की इस लाइन पर कांग्रेस के अल्पसंख्यक नेताओं में भी शंका है और एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने तो इसकी खुलकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि कमलनाथ जिस लाइन पर चल रहे हैं, वो तो आरएसएस की है। भाजपा तो हिंदू धर्म की बात करने वाले हिंदुओं को 'इच्छाधारी हिंदू' पहले ही घोषित कर चुकी है। बहरहाल, कमलनाथ ने जो कहा वो तथ्यात्मक रूप से सही है, क्योंकि इस देश की 82 फीसदी आबादी हिंदू है।

# गृह मंत्रालय के सीधे हस्तक्षेप से ही सामने आएगा मणिपुर हिंसा का सच

गृह मंत्रालय को मणिपुर की स्थिति संभालने के लिए सीधे हस्तक्षेप करना चाहिए और पूर्व सैन्य प्रमुख ने जिस तरह से इसके पीछे विदेशी हाथ होने की आशंका जताई है, उसकी जांच करनी चाहिए। मणिपुर के लोग शांति के हकदार हैं, इसलिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है, ताकि हिंसा रुके।केंद्र सरकार को मणिपुर में हिंसा भड़काने के मामले में चीन पर अंकुश लगाने के लिए एक नई रणनीति बनानी होगी। दरअसल पूर्व सैन्य प्रमुख एमएम नरवाणे ने खुलासा



किया है कि मणिपुर में हिंसा भड़काने के लिए विभिन्न विद्रोही गुटों की सहायता करने में चीन की भागीदारी की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता।मणिपुर म्यांमार के साथ 400 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, जो राजनीतिक उथल-पुथल की चपेट में है, इसलिए हथियार एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए वहां से संचालित विद्रोही गुटों का झुकाव चीन की तरफ है। आतंकी समूहों को तस्करी के जरिये हथियार मुहैया कराने का चीन का इतिहास रहा है, जिसके बारे में सैन्य जनरलों ने चार साल पहले कहा था।विश्लेषकों का कहना है कि गृह मंत्रालय को मणिपुर की स्थिति संभालने के लिए सीधे हस्तक्षेप करना चाहिए और पूर्व सैन्य प्रमुख ने जिस तरह से इसके पीछे विदेशी हाथ होने की आशंका जताई है, उसकी जांच करनी चाहिए। उनकी आशंका को हल्के में नहीं लिया जा सकता, क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता के अलावा उनका कोई निहित स्वार्थ नहीं हो सकता। मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने भी सीमा पार से शत्रुओं के घुसपैठ की आशंका जताई है।ध्यान रखना चाहिए कि म्यांमार से घुसपैठियों के प्रवेश को विपक्ष हमारे सुरक्षा बलों की विफलता बता रहा है। भारत को चीन की संदिग्ध भूमिका की जांच अवश्य करनी चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि पूर्व सेना प्रमुख के पास म्यांमार से संचालित होने वाले विद्रोही समूहों के माध्यम से चीनी सहायता के बारे में कुछ सुराग हो सकते हैं। चीन हमेशा शांतिपूर्ण सीमावर्ती राज्यों, जैसे-मणिपुर, अरुणाचल आदि को अस्थिर करने का प्रयास करेगा, जो रणनीतिक रूप से उसके लिए उपयुक्त है।यहां तक कि म्यांमार की सेना ने भी चीन पर आतंकी समूहों की मदद करने का आरोप लगाया है। म्यांमार के सैन्य जनरलों ने अराकन आर्मी (एए) और अराकन रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी (एआरएसए) जैसे आतंकवादी संगठनों को आपूर्ति किए जा रहे हथियारों के बारे में म्यांमार की चिंताओं को उजागर किया था, जो चीन की सीमा से लगे पश्चिमी म्यांमार के रखाइन प्रांत में सक्रिय थे। सैन्य अधिकारियों ने चीन निर्मित हथियारों का हवाला दिया था, जिनका इस्तेमाल आतंकवादी समूहों ने 2019 में सेना पर किए गए बारूदी हमलों में किया था।इस पृष्ठभूमि में चीन म्यांमार में सैन्य शासन के तहत दबाव महसूस करने वाले विद्रोहियों का समर्थन करने के लिए म्यांमार सीमा का उपयोग करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगा। चूंकि दुनिया का ध्यान अभी यूक्रेन युद्ध की तरफ है, इसलिए म्यांमार का सैन्य शासन आंग सान सू की के नेतृत्व वाले लोकतांत्रिक ताकतों पर ज्यादती कर रहा है और भारत तटस्थ रुख अपनाए रखने की कोशिश कर रहा है, जो महंगा साबित हो रहा है, क्योंकि म्यांमार की सेना और आम लोगों के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि म्यांमार के सैन्य जनरलों को सत्ता से चिपके रहने से मतलब है, इसलिए उन्हें घुसपैठ और मणिपुर के हिंसक विद्रोही गुटों को सीमा पार से हथियारों की आपूर्ति की कोई चिंता नहीं है।मणिपुर में लगातार गृहयुद्ध जैसी स्थिति पड़ोसी राज्यों में भी 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों को प्रभावित कर सकती है, जहां भाजपा का वर्चस्व है। इस वर्ष के अंत तक राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होंगे, जो 2024 में केंद्र में सत्ता में बने रहने की खातिर भाजपा के लिए महत्वपूर्ण होंगे। मणिपुर में शांति की स्थापना भाजपा के लिए अनिवार्य है, क्योंकि वहां की सरकार को 'डबल इंजन' की सरकार कहा जाता है। वहां शांति स्थापित करने में विफलता से नकारात्मक संदेश जाएगा, क्योंकि विपक्ष पर बढ़त पाने के लिए भाजपा अक्सर 'डबल इंजन सरकार' का नारे के रूप में उल्लेख करती है। इसके अलावा, आगामी चुनावों में मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष भी इस मुद्दे पर फायदा उठा सकती है।भले ही मणिपुर मुद्दे को हमारा आंतरिक मामला बताया जा रहा है, लेकिन यूरोपीय संसद ने एक प्रस्ताव पारित कर हमारी सरकार से तमाम जरूरी कदम उठाने और ईसाई समुदाय जैसे धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा करने के लिए जातीय एवं धार्मिक हिंसा को तत्काल रोकने के लिए अधिकतम प्रयास करने को कहा है। इससे पूरी दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की छवि खराब हुई है। भारत ने औपनिवेशिक मानसिकता रखने के लिए यूरोपीय संसद को फटकार लगाई है।लेकिन मणिपुर हिंसा मोदी सरकार और नवगठित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के बीच खुले टकराव का मुद्दा बन गई है, जिसने अपने 21 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को मणिपुर भेजा था। विपक्ष ने संसद की कार्यवाही को बाधित किया और इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री के बयान की मांग की। प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर मुद्दे पर संसद से बाहर संक्षिप्त टिप्पणी की और राष्ट्र को गुमराह करने के लिए विपक्ष को कोसा। उन्होंने कांग्रेस शासित राज्यों-राजस्थान और छत्तीसगढ़ में महिलाओं पर अत्याचार रोके जाने के लिए कहा, जिससे कांग्रेस नेतृत्व नाराज हो गया। अब संसद में आमने-सामने की लड़ाई जारी है, और आखिरकार अविश्वास प्रस्ताव पर चली बहस के दौरान मणिपुर पर चर्चा हुई।दुर्भाग्य से सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों का ध्यान राजनीतिक लाभ पर केंद्रित हो सकता है, जो आत्मघाती होगा, क्योंकि मणिपुर हिंसा ने राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। इसी तरह से युद्धरत समुदाय अपनी-अपनी कहानी सुना रहे हैं, जो सच्चाई से दूर हो सकती है और शांति और समाधान चाहने वाले लोगों की उम्मीदों को झुठला सकती हैं। विश्लेषकों का मानना है कि केंद्र सरकार को तेजी से म्यांमार-भारत की 163 किलोमीटर की सीमा पर बाड़ लगाने चाहिए, ताकि सीमा पार से आंतकियों की घुसपैठ रोकी जा सके। हालांकि भारत के आतंकी गुट, जो म्यांमार में भागकर शरण लेते हैं, कभी नहीं चाहेंगे कि सीमा पर बाड़ लगाई जाए। मणिपुर के लोग शांति के हकदार हैं, इसलिए हिंसा रोकने के लिए मजबूत पहल की जरूरत है, जिसने वहां के सामाजिक ताने-बाने और विभिन्न समुदायों के बीच भाईचारे को नष्ट कर दिया है। इसके लिए केंद्र सरकार और विपक्ष को छुद्र राजनीति से ऊपर उठकर संयुक्त प्रयास करने होंगे, जो देश के लिए भी अच्छा होगा।

# बदलते मौसमी दौर में खेती, व्यापक है ऋतु चक्र में बदलाव का असर

जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन का दुनिया भर



में कृषि पर विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है। जलवायु में आने वाले परिवर्तन से न सिर्फ कृषिगत उत्पादन की मात्रा प्रभावित हुई है, बल्कि उसकी गुणवत्ता में भी कमी आई है। इसका सीधा असर कृषि उत्पादन और इससे अपनी जीविका चलाने वाले लोगों पर पड़ा है। कृषि के प्रभावित होने से दुनिया भर में अरबों परिवार खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। चिंताजनक बात है कि शहरीकरण में आई तेजी के कारण जहां एक तरफ कृषि भूमि का रकबा सिमटता जा रहा है, वहीं ग्लोबल वार्मिंग के कारण संपूर्ण आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त पोषण और गुणवत्ता वाले खाद्यान्न उत्पादन की धरती की क्षमता भी कम होती जा रही है। मानसून की अनियमितता और जल स्रोतों के सूखने से फसल की पैदावार प्रभावित हो रही है। खाद्य उत्पादन में कमी होने से खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी होती है, जिससे एक बड़ा वर्ग जरूरी पोषण से वंचित हो जाता है और कुपोषण तथा भुखमरी की समस्या विकराल हो जाती है। जलवायु परिवर्तन से कृषि के साथ-साथ पशुपालन और मत्स्य पालन भी प्रभावित होता है। इस तरह जलवायु परिवर्तन के कारण राष्ट्रीय आय में कमी आती है। दरअसल, लंबे समय तक कठोर मौसम या एकाएक आने वाली प्राकृतिक आपदाएं फसलों को लील लेती हैं। इससे एक तरफ किसानों की मेहनत व्यर्थ हो जाती है, तो दूसरी तरफ खाद्य सुरक्षा का संकट गहराने लगता है। जलवायु परिवर्तन का कृषि उत्पादन में सहयोगी तत्वों की स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मिट्टी, पानी, हवा और नमी की स्थिति को स्थानीय जलवायु प्रभावित करती है। अतिवृष्टि या अनावृष्टि के कारण मृदा का क्षरण होता है, जिससे वह बंजर होने लगती है। जलस्रोतों के सूखने से फसलों का उत्पादन तो प्रभावित होता ही है, कृषि-मित्र कीटों का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है। अनुमान है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण 2050 तक वैश्विक खाद्य पैदावार में 30 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। जलवायु परिवर्तन और कृषि संबंधी गतिविधियां आपस में जुड़ी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन खेतों को नष्ट कर देता है। अतः बड़ी संख्या में किसान परिवार खेती छोड़ नए काम की तलाश में पलायन करने को मजबूर होते हैं। पशुपालन को भी जलवायु परिवर्तन प्रभावित करता है। वातावरणीय तापमान में तीव्र परिवर्तन से जानवरों का स्वास्थ्य, प्रजनन, पोषण आदि भी प्रभावित होता है, जिससे पशु-उत्पाद तथा इनकी गुणवत्ता में भी गिरावट आती है। तापमान में वृद्धि, बाढ़, ठंड और तेज हवा आदि जानवरों के स्वास्थ्य, शारीरिक वृद्धि और उत्पादकता को प्रभावित करती हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण जानवरों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है और वे अपनी क्षमता के अनुरूप काम नहीं कर पाते हैं। तापमान में वृद्धि से सूखे और अत्यधिक वर्षा के समय चरागाह का विकास भी प्रभावित होता है, जिससे जानवरों के पोषण में बाधा आती है। कृषि उत्पादन प्रभावित होने से भी जानवरों को खिलाए जाने वाले फसल अवशेष में कमी आ जाती है। ऐसे में कई जानवर पोषण में कमी, बीमारी से जूझते हैं, जिससे उनकी जीवन प्रत्याशा कम हो जाती है और ऐसे पशुओं को पालना किसानों के लिए फायदेमंद नहीं होता है। जाहिर है, एक कृषि-प्रधान देश में जलवायु परिवर्तन उस राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ने का काम करता है। कृषिगत उत्पादन प्रभावित होने से एक बड़ी आबादी रोजगार विहीन हो जाती है। उत्पादन कम होने से राष्ट्र के समक्ष खाद्य असुरक्षा के बादल घिर जाते हैं, जिससे गरीबी, कुपोषण और भुखमरी का संकट गहराने लगता है। मौसमी संकट से कृषि को महफूज रखने के लिए एक तरफ जहां जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण पाना आवश्यक है, वहीं दूसरी तरफ स्मार्ट कृषि, मृदा की गुणवत्ता का ख्याल रखने, सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर और ड्रिप पद्धति का प्रयोग करने और भोजन की बर्बादी रोकने की दिशा में भी ठोस पहल की दरकार है।

# आखिर चेतावनियों के प्रति उदासीनता कब तक

पिछले महीने महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से लगभग 80 किलोमीटर दूर रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी गांव में पहाड़ी खिसकने से 26 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि लगभग 80 लोगों का पता नहीं चल पाया। जुलाई, 2021 में इसी जिले में महाड तहसील के तलिये गांव में भीषण भूस्खलन में 87 लोगों की जान चली गई थी।



जबकि पिछले साल रत्नागिरी के पेसरे बोद्धवाड़ी में 12, समारा के आंबेकर में 11 तथा मीरगांव में छह मौतें हुईं। राज्य के रत्नागिरी, कर्जत, दाभौल, लोनावाला आदि में पहाड़ सरकने से बहुत नुकसान हुआ। बीते एक दशक से महाराष्ट्र के बड़े हिस्से में बारिश में भूस्खलन से भारी नुकसान हो रहा है। दूरस्थ अंचलों की तो बात छोड़ें, मुंबई में पिछले साल चेंबूर के भारत नगर में पहाड़ के तराई में स्थित छोटे-छोटे घरों पर एक बड़ी चट्टान खिसक कर गिर पड़ी थी। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने 2020 में बताया था कि महाराष्ट्र में 225 गांव ऐसे हैं, जहां कभी भी पहाड़ धसक सकते हैं। इनमें से 23 गांव पुणे जिले में ही हैं। वैज्ञानिकों ने वैसे गांवों के बारे में चेतावनी जारी की, जो एक तो पहाड़ की ढलान पर बसे हैं, दूसरे, पहाड़ किसी पत्थर का न होकर लाल मिटटी का है। 30 जुलाई, 2014 को पुणे जिले के अंबेगांव तहसील के मालिण गांव में यदि बस का ड्राइवर नहीं पहुंचता, तो पता भी नहीं चलता कि कभी वहां बस्ती भी हुआ करती थी। वह गांव एक पहाड़ के नीचे था और बारिश में ऊपर से मलबा गिरने पर पूरा गांव ही दब गया था। पुलिस की जांच से पता चला था कि पहाड़ खिसकने की वजह उस बेजान खड़ी संरचना के प्रति लापरवाही ही थी। वर्षों से उस पहाड़ की अंधाधुंध खुदाई नजदीक बन रही सड़क के लिए हो रही थी, जिससे पहाड़ नीचे से कट गया था। तेज बरसात हुई, तो वह ढह गया। मालिण गांव की त्रासदी पर वैज्ञानिकों की टीम ने शोध किया, जो कि बाद में प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय जर्नल, टेलर ऐंड फ्रांसिस के 2021 के पहले अंक में छपा। उसमें बताया गया कि यह गांव घोड़ नदी की सहायक मौसमी नदी के पास बसा था। गांव वाले पहाड़ी की ढाल पर बरसाती पानी रोककर धान की खेती करते थे। ग्रामीणों ने हरियाली काटकर भी खेत की जमीन बनाई थी। वहां पानी निकलने के रास्ते बंद थे, जिससे लगातार पानी रिसने से पहाड़ की मिट्टी ढीली हो चुकी थी।

# आम की फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए कटाई-छटाई के लिए किसी भी विभाग की अनुमति की आवश्यकता नहीं-जिलाधिकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि आम की फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए आम के बगीचे जो 40-50 साल पुराने हो चुके हैं, उनकी पैदावार घटकर 7 टन प्रति हेक्टेयर हो गयी है, जबकि राष्ट्रीय औषत लगभग 15 टन प्रति हेक्टेयर है, पुराने हो चुके आम के बगीचों में आम का उत्पादन बढ़ाने के लिए कटाई-छटाई की आवश्यकता होती है, किन्तु पुराने आम के पेड़ों की कटाई-छटाई का कृषक बन्धुओं द्वारा किये जाने पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा रोक लगायी जाती है और वन विभाग की अनुमति की मांग की जाती है, उक्त के क्रम में पुराने हो चुके आम के बगीचों में पैदावार बढ़ाने के लिए यदि कृषक बन्धुओं द्वारा आम के पेड़ों की कटाई-छटाई (प्रूनिंग एवं ट्रेनिंग) ओपनिंग की जाती है तो इस कार्य के लिए किसी भी विभाग की अनुमति की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह एक स्थापित औद्यानिक प्रक्रिया है।

# सोनभद्र की नई जिला पंचायत राज अधिकारी बनीं नमिता शरणं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** सोनभद्र की नई जिला पंचायत राज अधिकारी बनीं नमिता शरणं इस के पहले नमिता शरणं कानपुर में थी वर्तमान में निदेशालय पंचायतीराज से संबंध में नामिता शरणं जिला पंचायत राज्य अधिकारी विशाल सिंह का हुआ गैर जनपद ट्रांसफर विशाल सिंह को बनाया गया मऊ जिला पंचायत राज अधिकारी ।



# गर्मी में पेयजल की व्यवस्था को लेकर बोरिंग व टेकर की व्यवस्था को मिली सहमति

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** नगर पालिका परिषद सोनभद्र बोर्ड की बैठक शुक्रवार को पालिका के सभाकक्ष में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र



की अध्यक्षता एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी की उपस्थिति में सम्पनन्न हुई। बोर्ड में पन्द्रहवां वित्त/आदर्श नगर योजना, पंचम राज्य वित्त व अन्य मदों में उपलब्ध धनराशि के अर्न्तगत सभी वार्डों में विकास कार्यों के प्रस्ताव पर विचार करते हुये बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त आगामी गर्मी में पेयजल की व्यवस्था के लिये नगर के अभाव ग्रस्त वार्डों में टैंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति कराने का प्रस्ताव तथा विभिनन्न वार्डों में 5000 ली0 की टंकी बोरिंग आदि कराकर पेयजल की उपलब्धता का प्रस्ताव बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया गया। अध्यक्ष महोदया द्वारा नगर के अति गरीब रेवड़ी ठेला खोमचा एवं पटरी व्यवसायियों से नगर पालिका परिषद द्वारा वसूल किये जा रहे यूजर चार्ज को अनुचित बताते हुये कहा गया कि इससे गरीब लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है इस पर बोर्ड द्वारा अध्यक्ष के विचारों से सहमत होते हुये तत्काल प्रभाव से गरीब रेवड़ी ठेला खोमचा एवं पटरी व्यवसायियों से यूजर चार्ज की वसूली को बन्द कराते हुये केवल बड़े होटलों रेस्टोरेन्टों एवं अन्य बडे॰ व्यवसायियों से यूजर चार्ज लिये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया'' इसके अतिरिक्त नगर पालिका परिषद सोनभद्र में आउटसोर्सिंग माध्यम से नियोजित सभी संवर्ग के कर्मचारियों की महंगाई के कारण अल्प वेतन से दैनिक जीवन निर्वाह में हो रही कठिनाई को दृष्टिगत सभी कर्मचारियों को संतोषजनक पारिश्रमिक देने का प्रस्ताव विचार हेतु अध्यक्ष द्वारा बोर्ड के समक्ष रखा गया बोर्ड ने समस्त संवर्ग के आउटसोर्सिंग कर्मचारियो को सम्मान जनक पारिश्रमिक भुगतान का आंकलन करते हुये भुगतान के लिये सर्वसम्मति से अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। बढ़ने वाले व्यय की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक अत्यन्त सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पनन्न हुई। बैठक में सभी वार्डों के सदस्यगणों की उपस्थिति रही। अन्त में धन्यवाद देते हुये बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी। इस दौरान मनोज चौबे ,प्रियंका, विनोद सोनी, गायत्री, अनवर अली, अशोक कुमार, सुनीता चौरसिया, चंद्रप्रकाश दुबे, उषा जैन, दीपिका गुप्ता, प्रभात कुमार सिंह, राकेश कुमार, ओम प्रकाश सिंह ,नजबुन निशा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** बेसिक शिक्षा विभाग ब्लॉक राबट्सगंज द्वारा ब्लाक संसाधन केंद्र के प्रांगण शुक्रवार को एक दिवसीय



ग्राम प्रधान व स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों व प्रधानाध्यापक का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, मुख्य अतिथि अतिथि ब्लाक प्रमुख अजित रावत , ग्राम प्रधान अध्यक्ष कुल दीप शुक्ला जी ने सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कम्पोजिट विधालय रौप की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी धनंजय कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी का उद्देश्य बताते हुए कहा कि उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्देश्य बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिनन्न कार्यक्रमों, योजनाओं व सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, व स्टेशनरी क्रय हेतु धनराशि अभिभावकों के बैंक खाते में प्रेषित किया जाना है। वही श्री रावत ने विद्यालयों के कायाकल्प हेतु योगदान देने वाले उपस्थित प्रधानों का आभार जताया।, आपरेशन कायाकल्प एवं निपुण भारत अभियान के प्रति लोगो को जागरूक करने पर प्रधानों को प्रोत्साहित किया,झ् हृदेश कुमार सिंह के द्वारा निपुण भारत मिशन अंतर्गत समस्त प्रकार की योजनाओं से उपस्थित जन समूह को अवगत कराया गया,घनश्याम जी के द्वारा आपरेशन कायाकल्प की कड़ी में 19 पैरामीटर मानक के अन्तर्गत विधालयों मे प्रधान लोगों के सहयोग से कायाकल्प कार्य हुआ है से अवगत कराया गया, कार्यक्रम के ब्लाक प्रमुख अजित रावत ने 5 निपुण बच्चों और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने वाले 20 शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि निपुण भारत अभियान के अन्तर्गत राबट्सगंज ब्लॉक को पहला ब्लॉक बनाने का प्रयास करें। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी महोदय के द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं एसएमसी अधक्षों का आभार प्रकट किया और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की इस अवसर पर विमल कुमार,अवधेश त्रिपाठी,आशा भारती, धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय ,वरुण कुमार त्रिपाठी, मदन लाल,मीना भारती, अरविंद कुमार दुबे, आनन्द प्रकाश त्रिपाठी,सहित ब्लाक के ग्राम प्रधान,प्रधानाध्यपक, शिक्षक और निकाय के लोग मौजूद रहे।

# महिला सशक्तिकरण गोष्ठी में महिलाओं को उनके अधिकार की दीगई जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** जिला कारागार सोनभद्र में शुक्रवार को विधिक सेवा प्राधिकरण



के द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकार, उनके लिए सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओ एवं योजनाओं, स्त्री रोग एवं मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना था। साथ में सोनभद्र कारागार द्वारा बंदियों के पुनर्वास एवं सुधार की दिशा में एक नई उपलब्धि भी हासिल की गई। ङ राज्यपाल ङ द्वारा अन्य जेलों पर मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत बंदियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी अनुक्रम में सोनभद्र ऐसी पहली जेल बनी जहा वर्तमान में निरुद्ध बंदियों के 6 बच्चो को लाभान्वित किया जा रहा। मिशन वात्सल्य के अंतर्गत आने वाले बाल सेवा योजना में अगर किसी बच्चे के मां या पिता या फिर दोनो जेल में निरुद्ध है एवं उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है तो ऐसे बच्चे इस योजना के अंतर्गत 4000रू प्रति माह के लिए पात्र होंगे। कारागार प्रशासन की इस पहल पर गोष्ठी पर आए समस्त न्यायधीशों एवं अधिकारीगणों ने सराहना की। गोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रभारी जनपद न्यायाधीश अमीतवीर सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परितोष श्रेष्ठ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अचल प्रताप सिंह, अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता सिंह, सिविल जज जूनियर डिवीजन दीक्षी चौधरी, ओआर डब्बू से शेषमणि दुबे के साथ अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मतदाता जागरूकता को लेकर दिलाई गई शपथ पढ़ाया गया पाठ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में शुक्रवार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में एईं्‌ कार्यक्रम के अंतर्गत थ्ंिण् क्लब के गठन , क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु कार्यशाला का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक ङ राजेंद्र प्रसाद यादव ङ की अध्यक्षता में सम्पनन्न हुआ। निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जनपद के समस्त विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्याथियों में मतदान हेतु जागरूकता लाने एवं प्रत्येक व्यक्ति के



द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने हेतु थ्ंिण् क्लब के माध्यम से जागरूकता लाने संबंधित रणनीति पर परिचर्चा सत्र आयोजित की गई। उक्त आयोजन में जनपद के समस्त विधानसभाओं के राजकीय और शासकीय एवं वित्त विहीन इंटर कॉलेज से प्रधानाचार्य गण ,थ्ंिण् नोडल शिक्षक व कैंपस एम्बेसडरो को जिला विद्यालय निरीक्षक आरपी यादव द्वारा तकनीकी जानकारियां मुहैया कराई गई एवं क्लब के माध्यम से कक्षा 9 ,कक्षा 10, कक्षा 11 ,कक्षा 12 के विद्याथियों हेतु अलग-अलग स्तर हेतु चार रिसोर्स गाइडें एक सामान्य हैंडबुक और विभिनन्न एक्टिविटीज पर भी प्रकाश डाला गया। राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज के प्रवक्ता एवं स्वीप प्रभारी ङ ङअनिल कुमार पासवान जी द्वारा इझऊ के माध्यम से थ्ंिण् के सभी पक्षों पर विस्तृत जानकारियां दी गई। बेसिक शिक्षा परिवार से स्वीप को ऑर्डिनेटर आनंद त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए जनपद के विभिनन्न स्कूलों में थ्ंिण् कार्यक्रमों को स्काउट एवं ण्ण् से जोड़कर पूर्ण करने संबंधित विचार रखे गए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय द्वारा कक्षा 9 कक्षा 10 कक्षा 11 एवं कक्षा 12 के विद्यार्थियों हेतु संदर्भ पुस्तिका, िह्‌ ददव्‌ एवं उनमें निहित विभिनन्न एक्टिविटीज , स्वीट पोर्टल एवं गूगल लिंक की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक आर पी यादव द्वारा समस्त उपस्थित जनों को निष्पक्ष व कुशल मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाई गई। थ्ंिण् के क्रियान्वयन हेतु इझऊ निर्माण जिला समन्वक समग्र शिक्षा अरविंद सिंह चौहान एवं अनिल कुमार पासवान जी द्वारा तैयार किया गया साथ ही अमर सिंह स्वीप नोडल द्वारा मतदान गीत की सुन्दर प्रस्तुति की गई । इस आयोजन में आदित्य बिरला इंटर कॉलेज से नोडल शिक्षक अनिल पांडे , डायट प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह,राजकीय महिला महाविद्यालय रावटसगंज प्रवक्ता आकांक्षा पांडे, राजकीय इंटर कॉलेज घोरावल से अजय कुमार, राजकीय बालिका हाई स्कूल चकदहिया से नोडल शिक्षिका सुमन देवी, राजकीय सनतकोत्तर महाविद्यालय ओबरा से डॉक्टर महीप कुमार, नवज्योति इंटर कॉलेज चुर्क से प्रमोद कुमार दुबे, भाऊराव देवरस राजकीय महाविद्यालय दुद्धी से डॉक्टर मिथिलेश कुमार गौतम, राजकीय बालिका हाई स्कूल चेरूई से नोडल शिक्षिका लक्ष्मी देवी सहित सैकड़ो नोडल शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# 72 छात्राओ मे स्मार्टफोन का वितरण किया गया



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** प्रमोद जी महिला सनतकोत्तर महाविद्यालय कुशहरा शाहगंज सोनभद्र में आज 72 छात्राओं में स्मार्टफोन का वितरण किया गया। आज दिनांक 15 मार्च 2022 को प्रमोद जी महिला सनतकोत्तर महाविद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को मुख्यमंत्री जी के अति महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन का वितरण महाविद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा के हाथों किया गया उक्त कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं द्वारा सर्व प्रथम सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर मनोरमा मिश्रा ने प्रबंधक को अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर देकर सम्मानित किया उक्त कार्यक्रम में कॉलेज के आनंद जायसवाल, अनिल कुमार पाठक, शुगम मिश्रा, मिथिलेश पाठक, मीरा देवी, प्रीति श्रीवास्तव, मयंक मिश्रा,मानस मिश्रा,इत्यादि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता आशीष कुमार श्रीवास्तव प्रधान बरौली ने किया तथा संचालन प्रवक्ता मिथिलेश पाठक।

# विज्ञान है हमारे जीवन का आधार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** गुरुवार को राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज सोनभद्र में खण्ड शिक्षा अधिकारी धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में ब्लाक



स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान परीक्षा संपनन्न हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में खण्ड शिक्षा अधिकारी राबट्र्सगंज, ँझ् हृदेश कुमार सिंह,नोडल संकुल शिक्षक धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय,मदन लाल,अजय कुमार, अरविंद कुमार दुबे,कमलेश सिंह,संकुल शिक्षक राजेश कुमार सिंह,उमा सिंह पटेल,उमा शंकर सिंह, आनंद प्रकाश त्रिपाठी,नंद किशोर,अनामिका आंचल,सिंधु दत्त पाण्डेय, वरुण कुमार त्रिपाठी,प्रत्येक कंपोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालय से1अध्यापक आदि सभी का सराहनीय योगदान रहा इस कार्यक्रम में प्रत्येक कम्पोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालय से एक शिक्षक बच्चों को परीक्षा दिलाने हेतु परीक्षा केंद्र पर नियत समय 9: 00 ँश् पर उपस्थित हुए। कक्षा 6 से 1,कक्षा 7 से 2और कक्षा 8से 3 बच्चे परीक्षा में प्रतिभाग किए। इस प्रकार कक्षा 6,7,8से कुल मिलाकर लगभग 419 बच्चे प्रतिभाग किए।परीक्षा तीन चरणों में सम्पनन्न हुई। प्रथम चरण से 100 परीक्षार्थी सफल हुए। द्वितीय चरण में 30 सफल हुए। तृतीय चरण में साक्षात्कार के दौरान 10 बच्चे सफल हुए ।अंतिम चरण में सफल प्रत्येक परिक्षार्थी को 1000 रुपए नगद और जि़ले पर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए टी एल एम निर्माण हेतु इन सभी बच्चों को1000/(प्रत्येक अंतिम चयन वाले बच्चे) रुपया आदरणीय उप शिक्षा निदेशक/ डायट प्राचार्य सोनभद्र के कर कमलों प्रदान कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। इसके साथ साथ परीक्षा में शामिल सभी बच्चों को प्रमाणपत्र भी दिया गया।अंतिम परीक्षा में उत्तीर्ण सभी 10बच्चों को जिनके नाम क्रमश इस प्रकार हैं - कीर्ति गिरी एए हिनौता,राज एए ऊंचडीह,शालिनी केसरी एए हिनौता,अजीत एए ऊंचडीह,गूंजा एए महुरेसर, पूजा एए महुरेसर, अनीश बाबू एए ऊंचडीह, सरब अंसारी,एए हिनौता,अंजली गौड़ एए हिनौता,प्रिंस ळझए सजौर को स्मृति चिन्ह एवम प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। प्रत्येक चरण की परीक्षा सकुशल संपनन्न होने के पश्चात खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित परीक्षा संपनन्न कराने हेतु उपस्थित ऐंउ्ीझ् एवं डायट मेंटर, शिक्षक संकुल, समस्त अध्यापक,बी आर सी के समस्त स्टाफ के साथ साथ समस्त बच्चों और उपस्थित अभिभावकों का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किए।

# एससी/एसटी एक्टः चार दोषियों को 3-3 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** 7-7 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर 2- 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगा जेल में बिताई अवधि सजा में होगी समाहित साढ़े सात वर्ष पूर्व ससुर और बहु की बेरहमी



से पिटाई करने का मामलासाढ़े सात वर्ष पूर्व जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित कर ससुर और बहु की बेरहमी से पिटाई करने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए चार दोषियों को दोषसिद्ध पाकर 3- 3 वर्ष की कैद एवं 7- 7 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई । वहीं अर्थदंड न देने पर 2- 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक कोन थाना क्षेत्र के खरौंधी गांव निवासी हरिहर राम पुत्र बुद्धू राम ने 21 जुलाई 2016 को कोन थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह अनुसूचित जाति का व्यक्ति है। सुबह 9 बजे जब अपना खेत जोत रहा था तभी लाठी डंडा लेकर लालता प्रसाद पुत्र स्वर्गीय रघुबर शाह, रामचंद्र गुप्ता पुत्र स्वर्गीय रघुबर शाह, गुड्डू उर्फ अजय कुमार पुत्र गनेश शाह, विजय कुमार पुत्र स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद निवासीगण खरौदी टोला वोदार, थाना कोन, जिला सोनभद्र आ गए , आते ही हल और बैल खोल दिया। मना करने पर जाति सूचक शब्दों से गाली देते हुए लाठी डंडा से मारने पीटने लगे। जब बहु जसोमती देवी बचाने आई तो उसे भी गाली देते हुए बेरहमी से पिटाई कर दिया। जाते समय गाली देते हुए जान मारने की धमकी भी दी। इस तहरीर पर पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर मामले की विवेचना की। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान तथा पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर चारों दोषियों लालता प्रसाद, रामाचंदर गुप्ता, गुड्डू उर्फ अजय कुमार तथा विजय कुमार को दोषसिद्ध पाकर 3-3 वर्ष की कैद तथा 7-7 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड न देने पर 2- 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सी शशांक शेखर कात्यायन ने बहस की।

# जन्मजात बीमारी है क्लबफुट, पर इसका उपचार संभव

## अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से मनाया गया जन्मजात विकृति जागरूकता दिवस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** नोएडा स्वास्थ्य विभाग ने अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में बृहस्पतिवार को जन्मजात



विकृति जागरूकता दिवस मनाया। इस अवसर पर जन्मजात विकृतियों के बारे में बताया गया और चिकित्सकीय प्रबंधन की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएमओ सुनील कुमार शर्मा, एसीएमओ डॉ ललित कुमार, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की डीईआईसी प्रबंधक रचना वर्मा, आरबीएसके की टीम के सदस्य, अनुष्का फाउंडेशन से प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव प्रीति खंडूरी उपस्थित रहीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने बताया- जन्मजात दोष जन्म के समय मौजूद संरचनात्मक परिवर्तन हैं जो हृदय, मस्तिष्क, पैर जैसे शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकते हैं। वह शरीर के दिखने वाले अंग, काम करने के तरीके या दोनों को प्रभावित कर सकते हैं। इसी तरह क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जिससे कि हर 800 नवजात में से एक बच्चा प्रभावित होता है। देश में हर साल 33,000 बच्चे इस विकृति के साथ पैदा होते हैं। उन्होंने कहा- क्लबफुट एक जन्मजात बीमारी जरूर है लेकिन इसका उपचार संभव है। उन्होंने बताया- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत क्लब फुट जैसी 42 जन्मजात बीमारियों एवं दोषों की स्क्रीनिंग की जाती है ताकि जल्द से जल्द उचित उपचार मुहैया कराया जा सके। स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट पिछले पांच साल से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ काम कर रही है। क्लबफुट जन्म के नौ दोषों में से एक है, जिसे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा प्राथमिकता दी गई है। अनुष्का फाउंडेशन से प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव प्रीति खंडूरी ने बताया- वर्तमान में क्लबफुट से पीड़ित 13000 से भी अधिक बच्चों का इलाज संस्था करवा रही है। पोन्सेटी पद्धति का इस्तेमाल करके क्लबफूट से पीड़ित सभी बच्चों का आसानी से उपचार किया जा सकता है। पोन्सेटी विधि एक न्यूनतम लागत की सर्वोत्तम प्रक्रिया है और पूर्ण रूप से प्रभावी समाधान प्रदान करती है। उन्होंने बताया- क्लबफुट का यदि सही समय पर उपचार नहीं कराया जाए तो बच्चा जीवन भर के लिए दिव्यांग हो सकता है। इलाज न किये जाने पर प्रभावित बच्चों में भेदभाव, उपेक्षा, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ, अशिक्षा, शारीरिक एवं यौन शोषण का खतरा अधिक बढ़ जाता है। क्लब फुट क्यों होता है इसका कोई विशिष्ट कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। इस समस्या में माँ अथवा बाप का कोई हाथ नहीं है। यह विकृति न तो ग्रहण की वजह से होती है और न ही माँ से बच्चे को फैलती है। उन्होंने बताया- यदि कोई बच्चा क्लबफुट का शिकार है तो उसके अभिभावक उपचार के लिए अनुष्का फाउंडेशन के प्रतिनिधि के मोबाइल नंबर 7304569194 पर संपर्क कर सकते हैं। संस्था की ओर से इसका उपचार मुहैया कराया जाता है, जिसका कोई शुल्क नहीं लगता है। अनुष्का फाउंडेशन देश के कुल 140 जिलों में क्लबफुट का उपचार प्रदान करवा रहा है। अनुष्का फाउंडेशन का उद्देश्य जिला अस्पतालों में आर्थोपेडिक चिकित्सकों की क्षमता बढ़ाकर स्थानीय स्तर पर उपचार प्रदान करवाना है।

# बिग बॉस विनर ने चटकाया सचिन तेंदुलकर का विकेट, किसी को नहीं हुआ यकीन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (2024) के पहले सीजन का



आगाज बुधवार से हो गया। पहला मैच सचिन तेंदुलकर की टीम मास्टर्स इलेवन और अक्षर कुमार की खिलाड़ी इलेवन के बीच खेला गया। मास्टर्स इलेवन ने खिलाड़ी इलेवन को 5 रन से मात दी।2024 पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिन की टीम ने 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए। सचिन तेंदुलकर ने 17 गेंद में 30 रन की विस्फोटक पारी खेली। सचिन ने अपनी पारी के दौरान अक्षय कुमार की एक गेंद पर गगनचुंबी छक्का लगाया। वहीं सचिन का विकेट बिग बॉस विनर मुनव्वर फारूकी ने हासिल किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिन की टीम ने 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए। सचिन तेंदुलकर ने 17 गेंद में 30 रन की विस्फोटक पारी खेली। सचिन ने अपनी पारी के दौरान अक्षय कुमार की एक गेंद पर गगनचुंबी छक्का लगाया। वहीं, सचिन का विकेट बिग बॉस विनर मुनव्वर फारूकी ने हासिल किया।सचिन तेंदुलकर का विकेट लेने के बाद मुनव्वर फारूकी की खुशी झूम उठे। उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर का विकेट लिया है। वहीं, मास्टर ब्लास्टर भी मुस्कान के साथ पवेलियन लौटे। कमेंटेटर ने कहा कि सचिन के आउट होने पर स्टेडियम में सननटा छा गया है। वहीं, मास्टर्स इलेवन की तरफ से सचिन के अलावा यूसुफ पठान ने ताबतोड़ पारी खेली। यूसुफ पठान ने 10 गेंद पर 21 रन बनाए।बात करें मैच की तो लक्ष्य का पीछा करते हुए खिलाड़ी इलेवन 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 89 रन ही बना सकी। खिलाड़ी इलेवन की तरफ से मुनव्वर फारूकी ने 26 गेंद पर 26 रन की पारी खेली। वहीं, इरफान पठान ने 8 गेंद पर नाबाद 32 रन बनाए। हालांकि, पठान की यह आतिशी पारी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी।

## 100 टेस्ट मैच खेलने वाले भारत के 14वें खिलाड़ी बनेंगे अश्विन 92 साल में 4 भारतीय गेंदबाज कर पाए हैं ऐसा कमाल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन धर्मशाला में अपने टेस्ट करियर का 100वां मैच खेलने उतरेंगे। वह 100 टेस्ट खेलने वाले भारत के 14वें खिलाड़ी बनेंगे। अश्विन यह मुकाम हासिल करने वाले दुनिया के 77वें खिलाड़ी होंगे।अश्विन भारत के 92 साल के टेस्ट इतिहास में केवल पांचवें गेंदबाज होंगे जो 100 या उससे ज्यादा टेस्ट खेलेंगे। अश्विन से पहले अनिल कुंबले कपिल देव ईशांत शर्मा और हरभजन सिंह ने यह उपलब्धि हासिल की है। अश्विन के अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां टेस्ट मैच होगा। वह 100 टेस्ट खेलने वाले 17वें अंग्रेज खिलाड़ी बनेंगे।इसके अलावा अश्विन भारत के 92 साल के टेस्ट इतिहास में केवल पांचवें गेंदबाज होंगे, जो 100 या उससे ज्यादा टेस्ट खेलेंगे। अश्विन से पहले अनिल कुंबले, कपिल देव, ईशांत शर्मा और हरभजन सिंह ने यह उपलब्धि हासिल की है। अश्विन के अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह



100वां टेस्ट मैच होगा। वह 100 टेस्ट खेलने वाले 17वें अंग्रेज खिलाड़ी बनेंगे।अश्विन से पहले 100 टेस्ट खेलने की उपलब्धि 13 भारतीय खिलाड़ी हासिल कर चुके हैं। इस लिस्ट में टॉप पर सचिन तेंदुलकर मौजूद हैं। दूसरे नंबर पर टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ हैं। एक्टिव भारतीय खिलाडि़यों की बात करें तो विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और ईशांत शर्मा अश्विन से पहले इस मुकाम तक पहुंच चुके हैं।

## राष्ट्रपति नामित ज्ञापन एसडीएम को देखकर उठाई आवाज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** भाकपा माले नेता शेख मोहम्मद कामरेड कलीम अंसारी ने बताया कि अपनी मांग को लेकर सदर एसडीएम निखिल यादव को राष्ट्रपति नामित ज्ञापन गुरुवार को देखकर बुलंद की गई आवाज कलीम अंसारी ने बताया की केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की अधिसूचना 11 मार्च 2024 को जारी किए जाने की ओर दिलाना चाहते हैं।लोकसभा चुनाव के ऐन मौके पर सीएए को लागू किया जाना गहरी साजिश का संकेत है। यह कानून साम्प्रदायिक, भेदभावपूर्ण व विभाजनकारी है यह कानून सिर्फ छह धर्म के मतावलंबियों - हिन्दू, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन व पारसी को, जो 2014 तक पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से भारत आये हैं, और छह साल से यहां रह रहे हैं, नागरिकता देने की बात करता है। यह कानून मुस्लिम, तमिल, रोहिंग्या, अहमदिया आदि शरणार्थियों को नागरिकता देने से वंचित करता है। 1955 का नागरिकता कानून धर्म के आधार पर नागरिकता देने की बात नहीं करता है। इसलिए सीएए असंवैधानिक है। यह संविधान के धर्मनिरपेक्ष ढांचे को तोड़ता है।सीएए के बाद भाजपा सरकार एनआरसी लाएगी, जैसा कि गृह मंत्री अमित शाह के कई भाषणों से यह स्पष्ट हुआ है। एनआरसी के जरिये मुसलमानों की नागरिकता, दस्तावेज न होने पर, छीनी जाएगी। दस्तावेज न होने पर गरीब, मजदूर व आदिवासी भी घुसपैठिया करार देकर बाहर खदेड़े जाएंगे।सीएए ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने के लिए लागू किया गया है। यह देश को बांटनेवाला कानून है। इसलिए हम सीएए का पुरजोर विरोध करते हैं और इसे रद्द करने की मांग करते हैं।इस दौरान भाकपा माले नेता शेख मोहम्मद कामरेड कलीम अंसारी, कार्यालय सचिव राजदेव सिंह, छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन आइसा उत्तर प्रदेश कमेटी के सदस्य सोनभद्र जिला प्रभारी शेख अमीना खातून उर्फ चारु ,नोहर भारती मौजूद रहे।



## गुजरात जायंट्स को मिली पहली जीत, बेंगलुरु को 19 रन से दी मात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गुजरात जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 19 रन की शानदार जीत के साथ अपनी



चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया है। बुधवार को दिल्ली में चल रहे महिला प्रीमियर लीग (इ्थ) 2024 में अपनी पहली जीत दर्ज की। गुजरात जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 199 रन का स्कोर बनाया। आरसीबी 8 विके्ट 180 रन ही बना सकी।गुजरात ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लौरा वोल्वाड्ट और बेथ मूनी ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। लौरा और मूनी के बीच 140 रन की साझेदारी हुई। लौरा वोल्वाड्ट ने 45 गेंद पर 76 रन की पारी खेली। वहीं कप्तान बेथ मूनी ने 51 गेंद पर नाबाद 85 रन की पारी खेली। लिचफील्ड ने 18 रन का योगदान दिया।गुजरात ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लौरा वोल्वाड्ट और बेथ मूनी ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। लौरा और मूनी के बीच 140 रन की साझेदारी हुई। लौरा वोल्वाड्ट ने 45 गेंद पर 76 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान बेथ मूनी ने 51 गेंद पर नाबाद 85 रन की पारी खेली। लिचफील्ड ने 18 रन का योगदान दिया।आरसीबी की तरफ से सोफी डिवाइन ने 3 ओवर में 0/37 और रेनुका ठाकुर 4 ओवर में 0/34 रन लुटाए। मोलिनक्स ने 4 ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया। वेयरहैम ने 4 ओवर में 36 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। आरसीबी की तरफ से कप्तान स्मृति मंधाना ने सात गेंदबाजों से गेंदबाजी कराई। गुजरात के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए।लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत बेहद खराब रही। मेघना के रूप में पहला झटका लगा। मेघना 4 रन बनाकर रन आउट हुईं। स्मृति मंधाना ने 24 रन का योगदान दिया। एलिस पेरी भी कुछ खास नहीं कर सकीं और 24 रन बनाकर आउट हो गईं। सोफी डिवाइन ने 23 रन का योगदान दिया। ऋचा घोष ने 30 की तेज पारी खेली।

## सचिन मास्टर्स 11 ने रोमांच से भरे मैच में अक्षय खिलाड़ी को रौंदा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारत में एक और क्रिकेट लीग की शुरुआत हो गई। इस बार बात जरा हटके है क्योंकि लीग लेदर बॉल नहीं बल्कि टेनिस



से खेली जाएगी। जी हां, इंडियन ट्रीट प्रीमियर लीग का बुधवार को मुंबई के ठाणे में बने दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में रंगारंग आगाज हुआ। क्रिकेट फैंस अब टेनिस बॉल क्रिकेट का मजा स्टेडियम के अंदर बैठकर उठा सकेंगे और इसके लाइव प्रसारण का आनंद भी टीवी पर उठा सकते हैं।इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग 2024 का बुधवार को मुंबई के ठाणे में दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में शानदार आगाज हुआ। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की टीमों के बीच एक प्रदर्शन मैच खेला गया। टेनिस बॉल से खेला गया 10 ओवर का यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा जिसमें सचिन की मास्टर्स को आखिरी गेंद पर जीत मिली।महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी इस लीग का जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं, जिसके बाद यह लगने लगा है कि आईएसपीएल इस देश में कुछ अनोखा कारनामा करके दिखाएगी। वैसे, यह कहना जल्दबाजी होगी कि इस टेनिस लीग का भविष्य क्या है, लेकिन आईपीएल की तर्ज पर शुरू की गई लीग का एक्शन रोमांच से भरपूर रहने वाला है। इसका सबूत प्रदर्शनी मैच में देखने को मिला, जो सचिन तेंदुलकर और अक्षर कुमार की टीम के बीच खेला गया।सचिन मास्टर्स का मुकाबला अक्षय खिलाड़ी से हुआ। इस मुकाबले का टॉस अलग अंदाज में हुआ, जिसमें अक्षय कुमार ने बाजी मारी और फील्डिंग का फैसला किया। सचिन तेंदुलकर ने तब एक घोषणा करके फैंस का दिल जीत लिया।

## युवा शक्ति - वाईएसएस फाउंडेशन द्वारा काशीराम कॉलोनी सदरपुर में पीएम सूर्य घर योजना कैंप का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** युवा शक्ति वाईएसएस फाउंडेशन ने 13 मार्च 2024 को नॉएडा के काशीराम कॉलोनी सदरपुर में पीएम सूर्य घर योजना के लिए कैंप का आयोजन किया। इस कैंप का उद्देश्य लोगों को मुफ्त बिजली योजना के लिए आवेदन करने में सहायता प्रदान की गई। कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।लोगों ने योजना के बारे में जानकारी प्राप्त की और योजना के लिए आवेदन किया। युवा शक्ति -वाईएएस फाउंडेशन की जन जन तक योजनाओं को पहुंचने की में बिजली चलाने के लिए कर सकते हैं। यदि आप अधिक बिजली उत्पनन करते हैं, तो आप इसे विद्युत वितरण कंपनी को बेच सकते हैं। योजना की अधिक जानकारी के लिए हमारे संपर्क सूत्र 9811379191 पर कॉल कर सकते हैं।कार्यक्रम कोर्डिनेटर पंकज




बारे में जागरूक करना और उन्हें योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। संस्था द्वारा लोगों को योजना के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए डेस्क स्थापित किए गए। योजना के लाभों और आवेदन प्रक्रिया के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। लोगों को योजना इस पहल की सराहना की जा रही है। यह योजना लोगों को बिजली बिलों से बचाने और स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त ऊर्जा को अपनाने में मदद करेगी। योजना के तहत, सरकार लोगों को अपनी छतों पर सौर पैनल स्थापित करने के लिए सब्सिडी प्रदान करती है।सौर पैनल से बिजली उत्पनन होगी, जिसका उपयोग आप अपने घर मिश्रा ने बताया की यह योजना आपके लिए एक अच्छा अवसर है। यदि आप बिजली बिलों से बचना चाहते हैं और स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना चाहते हैं, तो आपको इस योजना का लाभ उठाना चाहिए । आज के कार्यक्रम में सचिन गुप्ता, अनिल चौधरी, पंकज मिश्रा, पिंकी, वंश, थान सिंह आदि सदस्य सम्मलित रहे।

## भारत मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं ने नगर में निकाला जुलूस किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** राबट्र्सगंज नगर में भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा गुरुवार को जुलूस निकालकर 14 मार्च उत्तर प्रदेश बंद तारों के साथ अन्याय अत्याचार के




विरोध में जुलूस निकालते हुए विरोध प्रदर्शन। संयोजक लक्ष्मी नारायण पटेल अध्यक्षता कर रहे दिनेश कुमार सदन ने बताया कि बीते 27 फरवरी 24 को जनपद रामपुर के तहसील थाना मिल्क ग्राम सिलाई बड़ा गांव मैं जाटों जाति के दसवीं की छात्रा सोमेश पुत्र गेंद नंदलाल की पुलिस प्रशासन द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या की गई इसके विरोध में उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ न्याय अत्याचार को लेकर उत्तर प्रदेश बंद विरोध प्रदर्शन जुलूस गुरुवार को नगर में निकलते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की गई दिनेश कुमार सदन ने बताया कि दोषी अधिकारियों व पुलिस प्रशासन के निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच करके उनके ऊपर समुचित धाराओं में कठोर कार्रवाई हो शाहिद सो मेरा के परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में एक करोड़ धनराशि 10 बीघा जमीन परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाई जाए सिलाई बाद गांव में अंबेडकर पार्क के लिए विवाद में पुलिस द्वारा गंभीर रूप से घायलों को 50 लख रुपए आर्थिक मुआवजा उपलब्ध कारण विवादित भूमि को भारत रतन संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर पार्क के लिए आवंटित किया जाए राजस्व निरीक्षक व सिलाई बड़ागांव के ग्रामीणों पर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमों को निरस्त किया जाए कानपुर जिले के घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के दो नाबालिक बहनों का एट भट्ठा के दबंग मलिक लड़कों द्वारा पहले जबरन शराब पिलाकर फिर सामूहिक दुष्कर्म किया गया उसमें संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो बीजेपी सरकार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है लेकिन काम उसके विपरीत होता है आईआईटी बीएचयू में सरेआम भाजपा नेता द्वारा किए गए को कम के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो इन्हीं के साथ विभिनन अपराधों में प्रदेश सरकार द्वारा कड़ी कार्रवाई हो बीजेपी सरकार डबल इंजन वाली योगी सरकार में कानून व्यवस्था चलाने में असमर्थ है इसीलिए पूरे राज्य में जंगल राज कायम हो चुका है अपराधियों के अंदर कानून का डर खत्म हो गया है जिससे सुबह की महिलाएं बच्चियों और सुरक्षित हैं और सुबह में जाति संघर्ष एवं धार्मिक उद्यान की घटनाएं आम हो गई हैं उपरोक्त सभी मामलों में आपराधिक घटित घटनाओं में अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई अथवा फांसी की सजा दिया जाए शाहिद सोमेश के परिवार और अन्य घायलों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए सरकारी नौकरी उपलब्ध हो एससी एसटी ओबीसी माइनॉरिटी के सामाजिक संगठन बुद्धिजीवी युवा विद्यार्थी महिलाएं एवं शामिल होकर संबंधित प्रदर्शन में मांगे बुलंद की। इस मौके पर शीतला प्रसाद, मुलायम सिंह ,भगवान दास गोड़,रामबली गोंड़,राकेश सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## नव सुत्री मांगों को लेकर एडीएम को सौपा पत्र बुलंद की आवाज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन पूर्वांचल एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नामित पत्र एडीएम को देखकर बुलंद की आवाज जताई सहमति । जिलाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में किस संगठन दिल्ली बॉर्डर पर जगह-जगह पर अपनी समस्याओं समाधान हेतु धरना प्रदर्शन संघर्ष कर रहा है ऐसी परिस्थितियों में भारतीय किसान यूनियन पूर्वांचल किसान समस्याओं के समाधान हेतु निमनलिखित मांगों को लेकर बुलंद की आवाज श्री अध्यक्ष ने बताया किसान आयोग का गठन किया जाए फसलों को न्यूनतम मूल्य की जगह अधिकतम मूल्य निर्धारण किया जाए छोटा पशुओं एवं जंगली जानवरों फसलों को बचाने हेतु घेराबंदी कराया जाए विगत सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान कर्ज में दबाकर आत्महत्या कर रहे हैं सारे किसानों का कर्ज माफ किया जाए फसलों के उत्पादन में अधिक लागत को काम करते हुए किसानों को संसाधन का ध्यान में रखते हुए जीएसटी से मुक्त डीजल पेट्रोल हेतु कार्ड बनाकर वितरण कराया जाए किसान परिवार के 60 वर्ष के ऊपर सदस्यों को ? दस हजार रुपए प्रतिमा गुजारा भत्ता उपलब्ध कराया जाए किसान कार्यों के कारण भूमि अधिकृत मुआवजा के रूप में नगद भुगतान नहीं करते हुए उनकी ही जमीन संसाधन युक्त उर्वरक बनाकर स्वीकृत किया जाए क्षेत्रीय समस्याओं जैसी सिंचाई भी शिक्षा स्वास्थ्य सड़क विद्युत की व्यवस्था समुचित कराई जाए दुनिया बाद का विस्तार करते हुए दुनिया बांध में न्याय पंचायत बट बन्तरा के ग्राम सभा चट्टी नहर में लिफ्ट के माध्यम से किसानों को फसलों के लिए व्यवस्था बनाई जाए।इस मौके पर इंद्रेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद, रामलाल, अनंत, यशवंत, राकेश कुमार, राम प्रवेश, सुनील मौर्या, नीतीश ,चंद्रशेखर, छोटेलाल, पंकज ,दशरथ, संजय कुमार, शिवकुमार, भागवत ,बचाऊ, छविंदर सहित आदि लोग मौजूद रहे।



## 'मैं हूं बेबिका का आदमी', एल्विश यादव ने खुल्लम खुला किया एलान, मनीषा रानी की बोलती हुई बंद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 2' अब फिनाले की ओर बढ़ रहा है। फैंस इस बात को जानने के लिए बेताब हैं कि इस सीजन का विनर कौन होगा। फिनाले के लिए एक दूसरे से कंपीट करने वाले कंटेस्टेंट्स फुरसत मिलने पर एक दूसरे की टांग खिंचाई करने का कोई मौका नहीं छोड़ते।बिग बॉस ओटीटी 2' से एक क्लिप सामने आया है, जिसमें गार्डन एरिया में बैठकर एल्विश यादव, अभिषेक मल्हान, मनीषा रानी और जिया शंकर एक दूसरे से हंसी मजाक कर रहे हैं।



सभी बेबिका ध्रुवे के बारे में बात करते हैं। इस दौरान एल्विश कुछ ऐसा कहते हैं, जिसे सुनकर वहां हंसी का माहौल छा जाता है।सामने आई वीडियो में देखा जा सकता है कि एल्विश कहते हैं, "एक शब्द तो बोल कर दिखा बेबिका के बारे में। मैं हूं यहीं।" इस पर मनीषा कहती हैं "बेबिका छछुंदरी, बेबिका बेशर्म, निर्लज।" इसके बाद एल्विश ने मजाकिया अंदाज में कहा, "मैं हूं बेबिका का आदमी।" यह सुनते ही अभिषेक उन्हें चटोरा कहते हैं। फिर एल्विश कहते हैं, "भाई मैं मानता हूं, मैं हूं बेबिका का आदमी।"बता दें कि एल्विश यादव और मनीषा रानी इस हफ्ते नॉमिनेट किए गए हैं। इनके साथ ही जिया शंकर भी बेघर होने के लिए नॉमिनेशन लिस्ट में हैं। तीनों में से कोई एक ही बाहर होगा। इनमें बचाने के लिए एल्विश को सबसे ज्यादा वोट मिल रहे हैं। सोशल मीडिया ट्रेंड को भी देखें, तो एल्विश तीनों में सबसे आगे हैं। जबकि, मनीषा रानी दूसरे नंबर पर हैं। अभिषेक मल्हान ने टिकट टू फिनाले टास्क जीता था। पहले 'बिग बॉस ओटीटी 2' के पहले फाइनलिस्ट हैं। उनके अलावा पूजा भट्ट और बेबिका ध्रुवे भी फिनाले तक पहुंचने वाली कंटेस्टेंट हैं।

## कंगना रनोट और सनी देओल के बीच सच में था मनमुटाव 'गदर 2' को लेकर अब कंगना ने कही ये बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कंगना रनोट बॉलीवुड की वो बिंदास एक्ट्रेस हैं, जो अपने दिल की बात खुलकर कहने से बिल्कुल भी नहीं कतराती हैं। नेपोटिज्म हो या फिर अन्य कोई मुद्दा कंगना बड़ी ही बेबाकी के साथ अपनी राय सोशल मीडिया पर रखती हैं।कंगना रनोट अपनी बात को बड़ी ही बेबाकी के साथ दुनिया के सामने रखती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के साथ अपने और सनी देओल के बीच मनमुटाव को लेकर सफाई दी। इतना ही नहीं उन्होंने सनी देओल की आगामी फिल्म गदर 2 को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। कई बार उन्हें इसके लिए सपोर्ट मिलता है, कभी-कभी उन्हें इसके लिए ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ता है। करण जौहर के अलावा ऋतिक रोशन और रणबीर कपूर तक कई एक्टर्स और डायरेक्टर कंगना के निशाने पर आ चुके हैं।कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया कि 'आई लव एनवाय' के बाद से ही कंगना और सनी देओल के बीच भी मनमुटाव हो गया था। जिस पर अब हाल ही में कंगना रनोट ने प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए सनी



देओल की 'गदर-2' पर बात की है।सनी देओल की गदर 2 पर बोलीं कंगना रनोटहाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट में ये दावा किया गया कि कंगना रनोट साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म घ् थ्र्ईभ् में सनी देओल के साथ काम करने के बाद इस चीज को लेकर चिंतित थीं कि उनका करियर खत्म हो जाएगा। अब इस पर 'चंद्रमुखी' एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की।कंगना रनोट ने स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, ठगदर 2 इस साल की सबसे बड़ी ओपनर साबित होगी। अब मुझे ईर्ष्या हो रही है। खुद की फिल्म को इस साल की सबसे कम ओपनिंग मिली है। ये एक ट्यूटोरियल है कि कंगना के नाम का इस्तेमाल करके दूसरों के ऊपर कीचड़ उछाला जाए।मैं ये साफ कर दूं कि मैंने कभी भी ऐसा कुछ नहीं कहा है। मैं खुद सनी सर की बहुत बड़ी फैन हूं। मुझे नहीं लगता मेरे अलावा कोई भी अभिनेत्री रोज-रोज इस तरह की नेगेटिविटी झेल रही हैठ।कंगना रनोट ने साधा मीडिया पर निशाना कंगना का गुस्सा यही पर शांत नहीं हुआ। उन्होंने मीडिया पर निशाना साधते हुए कहा, ठजिन लोगों ने मेरे साथ काम किया है, वह हमेशा यही कहते हैं कि मीडिया ने आपके लिए इतनी भयानक धारणा क्यों बनाई हुई है। मुझे हमेशा कहा है कि मैं प्रोफेशनल एक्टर डायरेक्टर और आर्टिस्ट हूं, जिनके साथ उन्होंने काम किया है। ये बात मैं आए दिन अपने लिए सुनती हूं।वो लोग भी मीडिया को कई बार ये बता चुके हैं कि उन्हें मेरे साथ काम करके कैसा लगता है, लेकिन इसके बावजूद मेरे खिलाफ नेगेटिव प्रोपेगेंडा हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। कंगना रनोट की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह जल्द ही चंद्रमुखी 2, तेजस और इमरजेंसी जैसी कई बड़ी फिल्मों लेकर आएंगी।

## ओपेनहाइमर ने गिरते कलेक्शन पर लगाई लगाम, बार्बी के लिए बॉक्स ऑफिस पर टिकना हुआ मुश्किल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हॉलीवुड फिल्म ओपेनहाइमर और बार्बी को रिलीज हुए अब दो हफ्ते हो चुके हैं। फिल्म दुनियाभर में अच्छा बिजनेस कर रही युद्ध और परमाणु बम बनाने की कहानी बयां करती है। ऐसे में फिल्म को लेकर पहले ही बज बन गया था। ओपेनहाइमर ने रिलीज के साथ ही धमाका करते हुए पहले दिन भारत ऊपर बनाए हुए है। ऐम्हग्त्व् की रिपोर्ट के अनुसार, ओपेनहाइमर ने मंगलवार को देशभर में लगभग 1.3 करोड़ का नेट बिजनेस किया। इसके साथ ही फिल्म ने अब तक भारत में 116.46



है। भारत में भी दोनों फिल्मों का पसंद किया जा रहा है, लेकिन अब कलेक्शन में गिरावट देखने को मिल रही है। भारत में ओपेनहाइमर को अच्छी शुरुआत मिली। फिल्म को काफी पसंद किया गया। वहीं, बार्बी के लिए लोगों को इम्प्रेस कर पाना थोड़ा मुश्किल साबित हुआ, क्योंकि ये फिल्म अब तक देशभर में 50 करोड़ भी नहीं कमा पाई है। कैसा है ओपेनहाइमर का बिजनेस क्रिस्टोफर नोलन के डायरेक्शन में बनी ओपेनहाइमर शुरुआत से लोगों का ध्यान खींच रही है। फिल्म दूसरे विश्व में 14 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली। इसके अगले दिन ही फिल्म का कलेक्शन बढ़कर 17 करोड़ पहुंच गया।फिल्म ने संभाला गिरता बिजनेस ओपेनहाइमर ने ओपनिंग वीक में ही 70 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर लिया। अब फिल्म के लेटेस्ट कलेक्शन की बात करें तो ओपेनहाइमर को थोड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। पिछले कुछ दिनों में फिल्म का बिजनेस लगातार गिरता जा रहा है, लेकिन ओपेनहाइमर ने कलेक्शन को थोड़ा संभालने की कोशिश की है।हालिया वीकेंड के बाद से फिल्म कलेक्शन को एक करोड़ से करोड़ का नेट बिजनेस कर लिया है। बार्बी ने किया निराश ग्रेटा गेरविग के डायरेक्शन में बनी है बार्बी के लिए भारत में कमाई कर पाना शुरुआत से मुश्किल रहा। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन ही महज 5 करोड़ के साथ शुरुआत की थी। वहीं, पहले हफ्ते में फिल्म की कमाई 27.5 करोड़ तक सिमट कर रह गई। वहीं, अब फिल्म के हालिया आंकड़ों की बात करें तो बार्बी ने मंगलवार (8 अगस्त) को सिर्फ 40 लाख का बिजनेस किया। अब तक फिल्म ने भारत में 42.99 करोड़ का नेट कलेक्शन किया है।

## एक्शन और सस्पेंस से भरपूर अनुपम खेर और मोहित रैना की 'द फ्रीलांसर' का टीजर हुआ रिलीज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हॉटस्टार दर्शकों के लिए एक और दिलचस्प थ्रिलर सीरीज 'द फ्रीलांसर' लेकर आ रहा है, जिसका टीजर और ँऊए वीडियो सोमवार को रिलीज हुआ है। यह



वेब सीरीज एक सितंबर को स्ट्रीम की जाएगी। 'द फ्रीलांसर' में अनुपम खेर, सुशांत सिंह, मोहित रैना और कश्मीरा परदेसी जैसे कलाकार हैं। थ्रिलर सीरीज द फ्रीलांसर का टीजर औरँऊए वीडियो सोमवार को रिलीज हुआ है। यह वेब सीरीज एक सितंबर को स्ट्रीम की जाएगी। द फ्रीलांसर में अनुपम खेर सुशांत सिंह मोहित रैना और कश्मीरा परदेसी जैसे कलाकार हैं। इस वेब सीरीज की कहानी एक रेस्क्यू ऑपरेशन पर आधारित है। टीजर दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस वेब सीरीज की कहानी एक रेस्क्यू ऑपरेशन पर आधारित है, जिसमें इस्लामिक स्टेट के कब्जे वाले सीरिया में मालदीव की एक युवा लड़की को जबरदस्ती पकड़कर रखा जाता है। वह किस तरह वहां से निकलने की कोशिश करती है, उसे सीरीज में दिखाया जाएगा। सीरीज में लड़की के इस किरदार का नाम आलिया है, जिसे कश्मीरा ने निभाया है। 'द फ्रीलांसर' को कई विदेशी लोकेशनों पर शूट किया गया है। इस पोस्ट को शेयर कर अनुपम खेर ने लिखा है, 'वो वापस आ गया नीरज पांडे, एक बड़े शो द फ्रीलांसर के साथ, इस ब्रीथलेस जर्नी प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर खुश हूं, आने वाले दो दिनों में फिल्म का इसका ट्रेलर रिलीज होगा, देखिए नीरज पांडेय का नया कारनामा! जय हो'। इस सीरीज में अनुपम खेर, सुशांत सिंह, मोहित रैना और कश्मीरा परदेसी जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। मोहित रैना इसमे फ्रीलांसर का रोल कर रहे हैं और अनुपम खेर एनालिस्ट की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं कश्मीरा परदेशी आलिया का रोल निभाती नजर आएंगी । अनुपम खेर के वर्कफ्रंट की बात करे तो उन्होंने हाल ही में अपनी 538वीं फिल्म की घोषणा की थी, जिसमें वो रबीन्द्रनाथ टैगोर का रोल प्ले करने जा रहे हैं । जल्द कंगना रनोट की फिल्म 'इमरजेंसी' में दिखेंगे।

## इंतजार खत्म कन्फर्म हुआ डॉन 3 का एक्टर, शाह रुख को रणवीर सिंह ने किया रिप्लेस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 को लेकर लोगों का एक्साइटमेंट है।डॉन का इंजतार न सिर्फ 11 मुल्कों की पुलिस नहीं, बल्कि फैंस भी कर रहे हैं। इस सुपरहिट फ्रेंचाइजी के सुपरस्टार को रिप्लेस करने की बात किसी को पच नहीं रही थी। वहीं, अब डॉन 3 के टीजर रिलीज के साथ



सातवें आसमान पर पहुंच गया है। बीते दिन उन्होंने खुद ही फिल्म की अगली फ्रेंचाइजी की घोषणा कर दी। इसके बाद खबरें आई कि फिल्म में इस बार शाह रुख खान डॉन के किरदार में नजर नहीं आएंगे, जो अब सच साबित हो गया है, क्योंकि फरहान अख्तर ने डॉन 3 के लीड एक्टर का नाम रिवील कर दिया है। फरहान अख्तर के डायरेक्शन में बनी डॉन की अगली फ्रेंचाइजी लगातार चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में डॉन 3 का एलान किया गया। वहीं अब फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इसके साथ ही फिल्म के लीड एक्टर के नाम को लेकर उठ रहे सवालों पर भी फुल स्टाप लग गया पार्ट 3 की राह पूरा देश देख रहा है, जिसको लेकर लंबे वक्त से चर्चा हो रही थी, लेकिन अब प्रोड्यूसर-डायरेक्टर फरहान अख्तर ने फिल्म और इसके लीड एक्टर के नाम को खुद कन्फर्म कर दिया है। उन्होंने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर डॉन 3 तड़कता- भड़कता टीजर रिलीज किया। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म में लीड एक्टर का चेहरा भी रिवील कर दिया है।डॉन 3 में बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह लीड रोल प्ले करने जा रहे हैं। उनके नाम की चर्चा पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही थी, लेकिन कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई थी, क्योंकि शाह रुख खान जैसे इस खबर पर मुहर लग गई है कि फिल्म में रणवीर सिंह ही डॉन का किरदार निभाने वाले हैं। इसके साथ ही एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। यहां देखें टीजर पहली बार 1978 में दर्शक डॉन से रूबरू हुए थे। उस दौर में सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने फिल्म में लीड रोल प्ले किया था। इसके बाद फरहान अख्तर 2006 और 2011 में शाह रुख खान स्टारर डॉन लेकर आए। अब उनकी फ्रेंचाइजी इस विरासत को आगे बढ़ाने जा रही। इसके साथ ही डायरेक्टर फरहान अख्तर, डॉन 3 में अपनी स्टोरीटेलिंग के साथ एक बार फिर सीमाओं को रीडिफाइन करने के लिए तैयार हैं।

## 'आर्या' से 'माई' और 'महारानी' तक, ओटीटी स्पेस में जमकर 'दहाड़' रहे महिला किरदार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना दमखम दिखा रही हैं और ऐसे कई काम हैं,



जो पहले पुरुषों के लिए समझे जाते थे, मगर अब महिलाएं भी अपनी भागीदारी दे रही हैं। हर साल की 8 मार्च को मनाया जाता है। फिल्मी दुनिया में भी कई ऐसी एक्ट्रेसेज हैं जिन्होंने अपने दम पर अपनी जगह बनाई है। इन हसीनाओं की पहचान पुख्ता करने में ओटीटी स्पेस का बहुत बड़ा हाथ है। महिला दिवस के मौके पर कुछ सीरीज के बारे में बता रहे हैं जिनमें पावरफुल किरदार देखने को मिले।महिलाएं आज कैब से लेकर फाइटर जेट तक उड़ा रही हैं। फिल्म इंडस्ट्री में भी ऐसी कई एक्ट्रेसेज हैं, जिन्होंने अपने दम पर अपने करियर को आकार दिया है। सिनेमा में भी महिलाओं को पेश करने की तस्वीर बदली है। खासकर, ओटीटी स्पेस में महिला किरदारों को ज्यादा सशक्त दिखाया जाता है। डिजनी प्लस हॉटस्टार की इस सीरीज में सुष्मिता सेन एक गैंगस्टर के किरदार में नजर आती हैं। अपने परिवार की हिफाजत के लिए उसे मजबूरी में क्राइम की दुनिया में उतरना पड़ता है। आर्या का यह किरदार बेहद पॉवरफुल दिखाया गया है और सुष्मिता ने इसे निभाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। प्राइम वीडियो पर आई दहाड़ सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा एक महिला पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आती हैं, जो जातिवाद से लड़ते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निभा रही है और एक सीरियल किलर का पीछा कर रही है। यह किरदार काफी पॉवरफुल दिखाया गया था। सोनीलिव की यह सीरीज बिहार की सियासी बैकग्राउंड में स्थापित है। हुमा कुरैशी का किरदार एक ऐसी महिला का है, जो घरेलू होने के बावजूद प्रदेश के मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचती है और पुरुष प्रधान राजनीति में बड़ों-बड़ों की हालत खराब कर देती है। इसका तीसरा सीजन गुरुवार को आ रहा है।नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज में रवीना टंडन ने एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाया। सीरीज में रवीना एक कत्ल की जांच करती नजर आई थीं, जिसे क्रैक करना आसान नहीं था। महिलाओं को सशक्त दिखाने वाले किरदारों में पंचायत सीरीज भी एक मिसाल है। प्राइम वीडियो की सीरीज में नीना गुप्ता का किरदार जिस तरह से आगे बढ़ता है, वो दिलचस्प है। इस सीरीज का तीसरा सीजन आने वाला है।

## बॉक्स ऑफिस पर आगे बढ़ी जेंडाया की ड्यून २ वर्क डेज में भी समेटे करोड़ों

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** हॉलीवुड फिल्म ड्यून पार्ट 2 ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ रही है। विदेश के साथ-साथ फिल्म भारत में भी अच्छा बिजनेस कर रही है। वीकेंड पर नोट छापने के बाद ड्यून 2 वर्क डेज पर भी ठीक- ठाक कमाई कर रही ही फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त ओपनिंग मिली।पहले पार्ट की सफलता के बाद दर्शक ड्यून के दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। ऐसे में फिल्म को ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त ओपनिंग मिली।1 मार्च को रिलीज हुई ड्यून 2 ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर (अंग्रेजी- 3.50 करोड़, हिंदी- 55 लाख) करोड़ कमा लिए।ड्यून पार्ट 2 ने ओपनिंग वीकेंड पर लगभग 11 करोड़ का बिजनेस किया। बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत करने के बाद मंडे टेस्ट में फिल्म को थोड़ा झटका खाना पड़ा। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को



है, जहां ज्यादातर फिल्में घुटने टेक देती हैं।हॉलीवुड फिल्म ड्यून 2 ने वीकेंड पर शानदार कमाई की। वहीं अब फिल्म वर्क डेज पर भी ठीक-ठाक कमाई कर रही है। साल 2021 में पहले पार्ट की सफलता के बाद फैंस ड्यून 2 का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में रिलीज के कुछ दिनों में शुरुआत 2.75 करोड़ (अंग्रेजी- ?2.5 करोड़, हिंदी- ?25 लाख) के साथ की थी। वहीं, दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन बढ़कर 3.80 करोड़ (अंग्रेजी- ?3.35 करोड़, हिंदी- 45 लाख) हो गया। तीसरे दिन ड्यून 2 का बिजनेस और आगे बढ़ा। इसके साथ ही रविवार को फिल्म ने 4.05 ड्यून 2 ने 1.35 करोड़ (अंग्रेजी- 1.15 करोड़, हिंदी- ?20 लाख) कमाए। मंगलवार की बात करें, तो शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने 1.40 करोड़ की कमाई की है। इसके साथ ही रिलीज के 5 दिनों में ड्यून 2 ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 14.05 करोड़ का बिजनेस कर लिया है।

## राम चरण संग नाटू-नाटू की धुन पर थिरके ये सितारे

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल के बाद क्रिकेट लीग में फिल्मी सितारों का रुझान काफी बढ़ने लगा है। टेनिस बॉल से अब एक नई क्रिकेट लीग का विगुल बज चुका है, जिसका नाम इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग यानी नाचते दिख रहे हैं।इस टूर्नामेंट की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान का एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिससें साउथ सुपरस्टार राम चरण के साथ मिलकर कई सितारे फिल्म आर आर आर के ऑस्कर विनिंग सॉन्ग नाटू-



आईएसपीएल है। इसके पहला सीजन आज से मुंबई में शुरू हो गया है। का आगाज आज हो गया है। अक्षय कुमार सहित तमाम फिल्मी सितारों की टीम इस टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट में अपना दमखम दिखाएंगी। इस क्रिकेट लीग की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान के एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें राम चरण संग तमाम सेलेब्स ऑस्कर विनर सॉन्ग नाटू-नाटू पर नाटू पर डांस करते दिख रहे हैं।आईएसपीएल को लेकर मुंबई में फिल्मी सितारों से लेकर क्रिकेट की दुनिया के महारिथों को मेला लगा हुआ है। लीग की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान अक्षय कुमार, राम चरण, सूर्या, अमिताभ बच्चन, बोमन ईरानी और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर एक साथ नजर आए। इन तीनों को अब एक लेटेस्ट वीडियो सामने आया है, जिसे राम चरण के एक्स फैन पेज ने शेयर किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि अक्षय, सूर्या, सचिन और बोमन डायरेक्टर एस.एस. राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म आर आर आर के पॉपुलर सॉन्ग नाटू-नाटू पर ताल से ताल मिलाते दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर इन सितारों का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। सिर्फ इतना ही क्रिकेट के मैदान पर इन सभी को एक साथ देखना फैंस के लिए स्पेशल ट्रीट से कम नहीं हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं
आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2012/41154
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।